प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



क्या मनोनीत सांसद बने रहेंगे हरिवंश, या थामेंगे भाजपा का दामन? पेज- 2

गांव से दो किलोमीटर दूर गेहूं के खेत से मिला अधेड़ का शव पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 112 | सोमवार 13 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## सही मायने में समावेशी शासन लाने के लिए भाजपा को वोट दें : सीएम योगी



(एजेंसी) सोनामुखी। पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की नीति अपनाए जाने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोगों से राज्य में डबल इंजन की सरकार के लिए वोट करने का आग्रह किया ताकि वास्तव में एक समावेशी शासन व्यवस्था स्थापित हो सके। बांकुड़ा जिले के सोनामुखी में एक रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि बंगाल को स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण की भूमि के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने देश की आध्यात्मिक खोज को समृद्ध किया। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन तृणमूल कांग्रेस सरकार विश्व स्तर पर पूजनीय आध्यात्मिक प्रतीकों का अनादर करती है, जिससे राज्य की हिंदू पहचान को खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा, बंगाल अब श्गुंडागर्दीश का अड्डा बन गया है, जो उत्तर प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने से पहले आम बात थी। उत्तर प्रदेश में विकास और प्रगति की कमी थी, लेकिन अब बदलाव देखिए। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में तुष्टीकरण नहीं बल्कि समावेशी हिंदू धर्म है, जहां हर समुदाय सुरक्षित वातावरण में शांतिपूर्वक रह सकता है। उन्होंने कहा, सभी माफियाओं के साथ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाते हुए वही बर्ताव किया गया है जिसके वे काबिल थे। आदित्यनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बंगाल में सरकार बनाएगी और अत्याचार, बलात्कार और हत्याएं अतीत की बातें हो जाएंगी। उन्होंने दावा किया, भाजपा के कई कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई और तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने उनके हाथ काट दिए। इन गुंडों से उचित तरीके से निपटा जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए उन्होंने दावा किया कि वह पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्याओं पर चुप रहीं जबकि भाजपा नेताओं ने ऐसे हमलों की निंदा करते हुए बयान जारी किए। उन्होंने आरोप लगाया, वह इसलिए चुप रहीं क्योंकि उन्हें बंगाल में अपना वोट बैंक खोने का डर है। आदित्यनाथ ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन के दौरान घुसपैठ के कारण पश्चिम बंगाल में जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुए थे। उन्होंने कहा, भाजपा राज्य की पहचान की रक्षा करेगी और इसके समावेशी स्वरूप को बरकरार रखेगी।

## राहुल गांधी ने ‘मैं भी अबेडकर मैराथन को दिखाई हरी झंडी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता का दिया सदेश




(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा आयोजित मैं भी अंबेडकर मैराथन का शुभारंभ रविवार को हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन नयी दिल्ली के मंडी हाउस स्थित सफदर हाशमी मार्ग से शुरू होकर डॉ अंबेडकर नेशनल मेमोरियल (26, अलीपुर रोड) तक आयोजित की गई। इस आयोजन का संचालन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग ने ओबीसी विभाग के सहयोग से किया। इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि मैं भी अंबेडकर मैराथन बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर जी के विचारों और भारतीय संविधान के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज जब संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे समय में हमें हर अन्याय और भेदभाव के खिलाफ बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। श्री गांधी ने कार्यक्रम के अंत में श्जय भीम, जय संविधान, जय हिंदश के नारे के साथ देशवासियों से संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए आगे आने का आह्वान किया।

## खामोश हुई सुरों की जादुई दुनिया, आशा भोसले को राष्ट्रपति, पीएम मोदी,समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिग्गज गायिका आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनका अंतिम संस्कार कल किया जायेगा। आशा भोसले के निधन से संगीत जगत से लेकर राजनीतिक जगत तक में शोक की लहर व्याप्त है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, देवेंद्र फडणवीस समेत कई नेताओं ने आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को प्रख्यात पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इससे संगीत जगत में खालीपन आ गया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिष्ठित गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया। भोसले का 92 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। उनकी पोती जनाई भोसले ने बताया कि सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण उन्हें शनिवार शाम मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राष्ट्रपति ने कहा, आशा भोसले जी के निधन से संगीत जगत में खालीपन आ गया है। प्रख्यात गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि उनके पास भोसले के साथ व्यक्तिगत रूप से हुई बातचीत की सुखद यादें हैं। राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में अपनी शर्तों पर अपना जीवन जिया। अपनी मधुर और सदाबहार आवाज से उन्होंने दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया। मुर्मू ने कहा, उनका संगीत अमर रहेगा। उनका निधन संगीत प्रेमियों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मैं उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों




के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने महान गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। श्री राधाकृष्णन ने रविवार को अपने शोक संदेश में कहा, ष्महान गायिका आशा भोसले जी के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के प्रति मेरी संवेदनाएं।ष उन्होंने कहा कि आशा भोसले की बहुमुखी आवाज ने उन्हें विभिन्न संगीत शैलियों में सहज रूप से पारंगत बनाया, जिसमें गजल और भजन जैसी विधाएं भी शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनकी अमर आवाज और संगीत विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी और करोड़ों लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान गायिका के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये कहा है कि भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी प्रतिभा की धनी शख्सियतों में से एक, आशा भोसले के निधन से अत्यंत दुखी हूं, वह पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत लोगों के जीवन में हमेशा गूंजते रहेंगे, उनकी दशकों की असाधारण संगीतमय यात्रा ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आशा भोसले का निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है और उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत की सुर साम्राज्ञी आशा भोसले जी का निधन मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है। पार्श्व गायिका के रूप में उन्होंने हजारों फिल्मों एवं संगीत एल्बम्स में अपनी आवाज दी। उनके गाए हुए गीतों को भारत की कई पीढ़ियों ने सुना और गुनगुनाया है। उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी। आशा भोसले जी का निधन संगीत और जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से भारतीय संगीत को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया और अनेक फिल्मों व गीतों को अमर बनाया। गडकरी ने कहा, भारतीय संगीत जगत की मशहूर और दिग्गज हस्ती गायिका पद्म विभूषण आशा भोसले जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। उनके साथ मेरे पारिवारिक संबंध रहें है। उनका जाना भारत के संगीत क्षेत्र की अपरिमित क्षति है। अपनी विलक्षण प्रतिभा से आशा जी ने संगीत के क्षितिज पर अपनी एक अलग पहचान बनायी। नया दौर, तीसरी मंजिल, हरे रामा हरे कृष्णा, उमराव जान के साथ साथ इजाजत और रंगीला जैसे वक्त और पीढ़ियों के साथ बदलती कई मशहूर फिल्में और गीत आशा जी ने अपने स्वर से अमर किए हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को संबल दे। ॐ शांति। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आशा भोसले की मधुर आवाज और बहुमुखी प्रतिभा ने भारतीय संगीत को समृद्ध किया तथा उन्होंने कई भाषाओं और शैलियों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। शाह ने कहा, आज हर भारतीय और विशेषकर मेरे जैसे हर संगीत प्रेमी के लिए दुःखद दिन है, जब हम सबकी प्रिय आशा भोसले जी हमारे बीच नहीं रहीं। आशा ताई ने न सिर्फ अपनी मधुर आवाज और अद्वितीय प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई, बल्कि अपने सुरों से भारतीय संगीत को भी और अधिक समृद्ध कियाआशा ताई की आवाज में जितनी कोमलता थी, उनके व्यवहार में भी उतनी ही सादगी और आत्मीयता थी। उनसे जब भी मुलाकात होती थी, संगीत और कला जैसे अनेक विषयों पर लंबी बातें होती थीं। आज वे भले ही हमारे बीच नहीं हैं, पर अपनी आवाज से वे सदैव हमारे दिलों में रहेंगी।ष भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आशा भोसले करोड़ों भारतीयों के दिलों की आवाज थीं और उनका निधन अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद है। वह भारत के करोड़ों लोगों के दिलों की आवाज थीं। एक मधुर आवाज, जिसने देश के सुख–दुख को व्यक्त किया... उनका निधन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह एक अपूरणीय क्षति है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मशहूर गायिका आशा भोसले के निधन को अत्यंत दुखद और कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय संगीत जगत की स्वर साम्राज्ञी, महान संगीत कलाकार और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले जी का निधन बहुत दुखद घटना है और कला की दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति है। गायन में उनकी बेमिसाल कला ने भारतीय संगीत को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सुरीली आवाज इस देश के लोगों के दिलों में हमेशा गूंजती रहेगी। आदित्यनाथ ने कहा, मैं भगवान श्री राम से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को यह बहुत बड़ा दुख सहने की ताकत दें। ओम शांति!

## ईरान-अमेरिका तनाव बढ़ा, वार्ता विफल होने के बाद ट्रंप की सख्त चेतावनी, नौसैनिक नाकाबंदी का संकेत

(एजेंसी) वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता के बेनतीजा खत्म होने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ता दिख



रहा है। ईरान ने जहां अमेरिका की शर्तों के आगे झुकने से साफ इनकार कर दिया है, वहीं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त रुख अपनाते हुए संभावित कड़े कदमों के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘ट्रुथ सोशल’ पर एक आर्टिकल साझा कर ईरान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति का खुलासा किया है। इस्लामाबाद में हुई बातचीत का उद्देश्य परमाणु मुद्दे पर समाधान निकालना था, लेकिन दोनों पक्ष किसी समझौते तक नहीं पहुंच सके। ईरान ने अमेरिका की शर्तों को मानने से इनकार कर दिया, जिससे कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं को झटका लगा है। अब हालात ऐसे बनते दिख रहे हैं, जहां कूटनीति की जगह सख्त रणनीतिक कदमों की चर्चा तेज हो गई है। ट्रंप द्वारा शेयर किए गए ‘श्रनेज जीम छमू’ के आर्टिकल में दावा किया गया है कि यदि ईरान अमेरिका की मांगें नहीं मानता, तो उसके खिलाफ नौसैनिक नाकाबंदी लागू की जा सकती है। इस रणनीति के तहत ईरान के तेल निर्यात को पूरी तरह रोकने की कोशिश होगी, समुद्री मार्गों पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण स्थापित किया जाएगा। वैश्विक बाजार में ईरानी तेल की सप्लाई बाधित की जाएगी। आर्टिकल के मुताबिक, यह कदम ईरान की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि उसकी बड़ी आय तेल निर्यात पर निर्भर है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि संभावित नाकाबंदी का असर सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं रहेगा। चीन और भारत जैसे देश, जो ईरान से तेल आयात करते हैं, वे भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। तेल सप्लाई बाधित होने से ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। कीमतों में उछाल देखने को मिल सकता है। आयात करने वाले देशों पर वैकल्पिक स्रोत खोजने का दबाव बढ़ेगा। इस तरह यह कदम वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित कर सकता है। आर्टिकल में ट्रंप के हवाले से यह भी कहा गया है कि वे जरूरत पड़ने पर ईरान के खिलाफ और भी सख्त कदम उठा सकते हैं। इसमें सैन्य कार्रवाई का संकेत भी शामिल बताया गया है। हालांकि, इस तरह के बयान तनाव को और बढ़ा सकते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर असर डाल सकते हैं। आर्टिकल में दावा किया गया है कि ट्रंप प्रशासन पहले भी इस तरह की रणनीति अपना चुका है। उदाहरण के तौर पर वेनेजुएला का जिक्र किया गया, जहां कथित तौर पर अमेरिकी दबाव और नाकाबंदी से वहां की अर्थव्यवस्था कमजोर हुई थी। इसी मॉडल को ईरान पर लागू करने की बात कही जा रही है, ताकि उसे आर्थिक और कूटनीतिक रूप से अलग–थलग किया जा सके। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव सिर्फ क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका असर वैश्विक स्तर पर पड़ सकता है। ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और भू–राजनीतिक संतुलन इस संकट से प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में दोनों देशों के कदम पूरी दुनिया के लिए बेहद अहम होंगे।

## ममता सरकार पर जमकर बरसे पीएम मोदी

### -कहा- टीएमसी को पाई-पाई का हिसाब देना होगा

(एजेंसी) सिलीगुड़ी/दार्जिलिंग। पहले चलरण के लिए असम, केरल और पुडुचेरी में वोट पड़ चुके हैं। अब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 23 अप्रैल के मतदान होना है ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां कर रही है। इसी कड़ी पीएम मोदी ने सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा केंद्रीय योजनाओं का 25 प्रतिशत से भी कम काम पूरा हुआ है। क्योंकि यहां की सरकार काम में हमेशा बाधा डाल रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा टीएमसी को पाई–पाई का हिसाब देना होगा। ये लोगों को भयभीत रखते थे अब बंगाल सहन नहीं करेगा। भाजपा का मंत्र है सबका साथ, सबका विकास लेकिन बंगाल में भाजपा का फॉर्मूला होगा सबका साथ, सबका विकास और टीएमसी के लुटेरों का पूरा हिसाब किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा टीएमसी ने काम नहीं केवल काले कारनामे किए




हैं। टीएमसी ने नॉर्थ बंगाल की संरचना को पीछे रखा हुआ है। हर क्षेत्र में उपेक्षा ही मिली है। टीएमसी सरकार ने मदरसों के लिए करीब 6 हजार करोड़ का बजट दिया है। टीएमसी अपने खास वोट बैंकरों के लिए ही तुष्टीकरण करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा आपका स्नेह और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी ऊर्जा है। मैं आपके लिए खुद को हर पल खपा दूंगा। मैं केवल आप लोगों के लिए ही जीऊंगा। उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी की यह रैली टीएमसी के महान जंगलराज की बिदाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा आपको हर बंगाली का दिल जीतना है। मैं कल बंगाल के अलग–अलग क्षेत्रों में गया था और वहां मैंने काफी उत्साह देखा जहां कई बुजुर्ग लोग मीलों तक पैदल चलकर आए थे। इस बार बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। मैं आपके प्यार को कभी भूल नहीं सकता हूं। सिलीगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, बंगाल कला की धरती है। बहुत सारे आर्टिस्ट दोस्त बहुत बढ़िया पेंटिंग्स लाए हैं। किसी ने मोदी को नेपाली बना दिया है। जो लोग पेंटिंग्स लाए हैं, उनसे मैं अपील करता हूंय अगर आपका पता पीछे लिखा है, तो मैं आपको थैंक–यू लेटर भेजूंगा। मैं अपने एसपीजी साथियों से कह रहा हू कि जो आर्टिस्ट दोस्त ऐसी पेंटिंग्स लाए हैं, कृपया उन्हें ले लें। हालांकि पश्चिम बंगाल में इस बार भी चुनाव जीतने के लिए ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पूरा जोर लगाए हुए है। जबकि भाजपा भी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में हैं। फिलहाल देखना होगा कि इस चुनाव में बीजेपी या फिर टीएमसी को जनता बहुमत देती है।

## जयशंकर ने यूएई के उप प्रधानमंत्री से की मुलाकात, क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों पर चर्चा

(एजेंसी) अबू। धाबी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से अबू धाबी में मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और इसके प्रभावों पर चर्चा की। जयशंकर नौ से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में अबू धाबी में हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज शाम अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और उनके प्रभावों पर केंद्रित रही। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने खाड़ी देश में भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर भारत की ओर से गहरी सराहना व्यक्त की। मंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भारत–संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और आगे बढ़ती रहेगी। जयशंकर मॉरीशस की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे, जहां उन्होंने नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

# सम्पादकीय

## ट्रंप का डर स्वभाविक!

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि मिडिल ईस्ट के संकट ने तमाम देशों की सिरदर्दी बढ़ा दी है, दुनिया में तेल और गैस का संकट गहरा गया है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि जिसके असर से भारत भी पूरी तरह अछूता नहीं है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्धविराम के बीच भारत की सतर्कता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एकदम साफ संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल को मौजूदा हालात को देखते हुए किसी भी तरह की ढिलाई बरतना सही नहीं होगा और सरकार संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं बात अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तो इस संपादकीय के लिखे जाने तक मिडिल ईस्ट में युद्धविराम की कोशिशें तेज हैं। होर्मुज को फिर से खोलने की तैयारी चल रही है। लेकिन जंग की आग पूरी तरह बुझी नहीं है। वजह है ईरान का वह मिसाइल जखीरा, जो भारी हमलों के बावजूद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के आकलन के मुताबिक, हतों तक चले हमलों में ईरान को बड़ा नुकसान जरूर हुआ, लेकिन उसके पास अब भी हजारों बैलिस्टिक मिसाइलें बची हैं। इनमें कई मिसाइलें भूमिगत ठिकानों में छिपी हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है। अमेरिका और इजरायल के हमलों ने ईरान के मिसाइल नेटवर्क को जोरदार झटका दिया। वॉल स्ट्रीट जनरल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के आधे से ज्यादा मिसाइल लॉन्चर या तो तबाह हो चुके हैं, क्षतिग्रस्त हैं या फिर सुरंगों में दब गए हैं। लेकिन चिंता की बात ये है कि इनमें से कई सिस्टम बाद में निकालकर फिर से चालू किए जा सकते हैं। यही वजह है कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के मिसाइल प्रोग्राम लगभग खत्म वाले दावे के बावजूद खुफिया एजेंसियां सतर्क हैं। वहीं कहा यह जा रहा है कि ईरान की असली ताकत उसके गहरे भूमिगत मिसाइल कॉम्प्लेक्स हैं। अमेरिका और इजरायल के लिए इन्हें पूरी तरह तबाह करना आसान नहीं रहा। कई एयरस्ट्राइक में सुरंगों के मुहानों को बंद करने पर जोर दिया गया, लेकिन पूरी सुरंग प्रणाली नष्ट नहीं की जा सकी। इससे ईरान के पास अब भी बड़ी संख्या में मिसाइलें सुरक्षित बची हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जंग से पहले ईरान के पास करीब 2500 मध्यम दूरी की मिसाइलें थीं। अब भी उसके पास 1000 से ज्यादा ऐसी मिसाइलें बची होने का अनुमान है। जंग के दौरान ईरान के वन–वे अटैक ड्रोन बेड़े को भी भारी नुकसान पहुंचा। उसकी ड्रोन क्षमता पहले के मुकाबले आधे से भी कम रह गई है। फिर भी अमेरिकी अधिकारियों को आशंका है कि ईरान रूस जैसे सहयोगियों से नई तकनीक या हथियार हासिल कर सकता है। यानी उसकी हमलावर क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं मानी जा सकती। मध्य पूर्व मामलों के जानकार केनेथ पोलैक ने कहा कि ईरान ने पहले भी कई बार तेजी से खुद को फिर से खड़ा किया है। उनके मुताबिक, ईरान ने साबित किया है कि वह जल्दी इनोवेट करता है और अपनी सैन्य ताकत को दोबारा तैयार कर सकता है। वह क्षेत्र की ज्यादातर सेनाओं से ज्यादा मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। अमेरिका और इजरायल ने इस जंग में 13 हजार से ज्यादा हथियारों का इस्तेमाल किया। निशाने पर मिसाइल–ड्रोन स्टोरेज, नौसैनिक ठिकाने और रक्षा फैक्ट्रियां रहीं। इसके बावजूद, ईरान की मिसाइल लॉन्च क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई। जंग के दौरान जहां वह रोज दर्जनों मिसाइलें दाग सकता था, अब यह क्षमता घटकर 10–15 मिसाइल प्रतिदिन तक आ गई है। भले ही अमेरिका अब युद्धविराम को स्थायी बनाने और होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए बातचीत में जुटा है। लेकिन ईरान की बची हुई मिसाइल ताकत इस पूरी प्रक्रिया पर लंबा साया डाल रही है। यानी बंदूकें भले शांत हों, लेकिन जमीन के नीचे छिपी मिसाइलें अब भी इस संघर्ष का सबसे बड़ा अनसुलझा खतरा बनी हुई हैं।



नफीस जाफरी

## भेदभाव की गुंजाइश

जिन धर्मों में वर्ण व्यवस्था का प्रावधान नहीं है, उन्हें अपनाने के बाद यह अपेक्षा स्वाभाविक रूप से रहती है कि संबंधित व्यक्ति जातिगत पहचान से मुक्त हो जाए और इस आधार पर उससे भेदभाव की गुंजाइश ना रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस निर्णय पर मुहर लगा दी है कि हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म छोड़कर अलावा किसी अन्य महजब को अपना चुका व्यक्ति स्वतरू अनुसूचित जाति की श्रेणी से बाहर हो जाता है। आंध्र हाई कोर्ट ने यह फैसला संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश– 1950 के तहत दिया था। मामला अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति के धर्म बदल कर ईसाई बनने से संबंधित है। हिंदू धर्म के अंदर अनुसूचित जातियों को मिले लाभ एवं संरक्षणों पर धर्मांतरण के बाद भी उस व्यक्ति ने दावा जताया था। मगर भारतीय संविधान के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

संविधान निर्माताओं ने अनुसूचित जातियों के लिए विशेष प्रावधान हिंदू धर्म के अंदर वर्ण व्यवस्था के तहत बरते गए ऐतिहासिक भेदभाव से उन्हें बचाने के लिए किया था। अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिनियम भी उसी भावना के अनुरूप है। इस कानून के जरिए जातिगत आधार पर होने वाले भेदभाव या अपमान से दलित जातियों को संरक्षण देने का प्रयास किया गया है। जिन धर्मों में वर्ण व्यवस्था का प्रावधान नहीं है, उनमें शामिल होने के बाद यह अपेक्षा स्वाभाविक रहती है कि संबंधित व्यक्ति जातिगत पहचान से मुक्त हो जाए और इस आधार पर उससे भेदभाव की गुंजाइश ना रहे। उस स्थिति में उसे उन वैधानिक लाभ, संरक्षण, एवं आरक्षण की जरूरत नहीं रहेगी, जो हिंदू धर्म में रहते हुए गरिमामय जीवन के लिए जरूरी था।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस व्याख्या की पुष्टि करते हुए न्यायोचित निर्णय दिया है। हाई कोर्ट के निर्णय के खिलाफ दायर याचिका में दलील दी गई कि मजहब बदलने के बाद भी अनुसूचित जाति के लोग जातिगत बहिष्करण या भेदभाव से मुक्त नहीं होते। इसलिए उन्हें उन जातियों के लिए तय सारे लाभ मिलने चाहिए। बहरहाल, अगर यह सच है, तो फिर भेदभाव के कारणों की पड़ताल अधिक गहन रूप से की जानी चाहिए। उनसे मुक्ति के क्या उपाय हैं, इस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए। हर समस्या को जातिगत विमर्श में समेटना अनुचित है। जिन धर्मों का विकासक्रम एक खास परिप्रेक्ष्य में हुआ, उनसे जुड़े प्रावधानों को अन्य धर्मों तक फैलाने की मांग अतार्किक है।

# क्या मनोनीत सांसद बने रहेंगे हरिवंश, या थामेंगे भाजपा का दामन?



गुलफिशा खान

राज्यसभा में जेडीयू कोटे से भेजे गए हरिवंश के रिटायर होने के बाद उच्च सदन में बिहार से एनडीए कोटे से राजपूत जाति के सांसद शून्य हो गए थे। इसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा भी छिड़ गई थी। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने इसकी काट ढूंढ ली और हरिवंश को मनोनीत कोटे से ऊपरी सदन भेज दिया है। इस एक दांव से एनडीए ने कई निशाने साध लिए हैं। अगर राज्यसभा के नए समीकरण पर गौर करें तो बिहार कोटे से उच्च सदन में राजपूत बिल्कुल साफ, भमियार आधे और ओबीसी बढ़ जाएंगे। लेकिन अब राज्यसभा में बिहार कोटे से एक राजपूत सांसद जरूर बना रहेगा। वे राज्य सभा के उपसभापति के तौर पर भी दो बार चुने गए। अब सवाल उठ रहा है कि क्या मनोनीत सांसद होने के नाते वे एक बार फिर उपसभापति के रूप में चुने जा सकेंगे? इतिहास देखें तो पता चलता है कि आज तक कोई भी मनोनीत सांसद उपसभापति नहीं बना है। दरअसल, इस बारे में नियम स्पष्ट हैं. राष्ट्रपति की ओर से मनोनीत 12 सदस्यों को अन्य निर्वाचित सदस्यों का तरह ही सभी अधिकार और विशेषाधिकार प्राप्त हैं। वे दूसरे सदस्यों की तरह ही सदन में मतदान में हिस्सा ले सकते हैं और उपराष्ट्रपति के चुनाव में भी वोट डाल सकते हैं। मनोनीत सदस्य केवल राष्ट्रपति के चुनाव में वोट नहीं डाल सकते। इसके पीछे कारण यह है कि उनका मनोनयन राष्ट्रपति ही करते हैं। जहां तक मनोनीत सांसद के उपसभापति बनने का प्रश्न है, इसे लेकर संविधान में कोई रोक नहीं है। अनुच्छेद 89(2) में लिखा है कि "राज्य सभा जितना जल्दी हो सके, एक सदस्य को उपसभापति के रूप में चुनेगी।" यानी हरिवंश अगर चाहें तो लगातार तीसरी बार राज्य सभा के उपसभापति बन सकते हैं। मनोनीत सांसद न केवल उपसभापति बन सकता है, बल्कि वह कैबिनेट में शामिल भी हो सकता है। राज्य सभा सचिवालय



के सूत्रों के अनुसार उपसभापति के लिए चुनाव होगा, क्योंकि बतौर राज्य सभा सदस्य हरिवंश का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो गया था और उसी के साथ उपसभापति के रूप में उनका कार्यकाल भी पूरा हो गया था। नियमों के अनुसार उपसभापति के चुनाव की तारीख सभापति तय करेंगे। इसके बाद महासचिव चुनाव का नोटिस जारी करेंगे। कोई भी सदस्य इसके लिए नामांकित कर सकता है। चुनाव में सामान्य बहुमत से जीत तय होती है। उपसभापति के चुनाव के लिए केवल राज्य सभा के सदस्य ही वोट डालते हैं। हालांकि, इस बार भी मतदान होना तय है क्योंकि विपक्ष अपना उम्मीदवार खड़ा करने का मन बना चुका है। सूत्रों के अनुसार हरिवंश ने कुछ विपक्षी सदस्यों से संपर्क किया था और उन्हें शुभकामनाओं समेत जानकारी दी गई कि विपक्ष सांकेतिक ही सही, लेकिन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपना उम्मीदवार अवश्य उतारेगा। इससे पहले भी हरिवंश का मुकाबला यूपीए के उम्मीदवारों से हो चुका है। पहली बार अगस्त 2018 में उन्होंने बी के हरिप्रसाद को और दूसरी बार सितंबर 2020 में मनोज झा को हराया था। वैसे यह भी देखना होगा कि क्या हरिवंश मनोनीत सांसद बने रहते हैं या फिर औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होते हैं। किसी भी मनोनीत सांसद के लिए यह अवसर होता है कि वह चाहें तो शपथ लेने के 6 महीने के भीतर किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाए। अभी 5 मनोनीत सांसद भाजपा में शामिल हो चुके हैं जिनमें हर्षवर्धन शृंगला, सी सदानंदन मास्टर और उज्ज्वल निकम जैसे नाम है। मनोनीत किए जाने के उपरांत उन्होंने राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। राज्यसभा में यह उनका तीसरा कार्यकाल है। प्रख्यात पत्रकार रहे हरिवंश का यह नया कार्यकाल वर्ष 2032 तक चलेगा। अधिसूचना में बताया गया था कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (3) के साथ पठित खंड (1) के उपखंड (क) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति ने हरिवंश को राज्यसभा के लिए नामित किया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के राज्यसभा से हाल ही में रिटायर होने के बाद संसद के उच्च सदन में यह एक सीट खाली हो हुई थी। गौरतलब है कि संविधान के अनुसार राष्ट्रपति राज्यसभा में 12 सदस्यों को नामित या मनोनीत कर सकती हैं। राज्यसभा के ये सदस्य साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या अनुभव के आधार पर मनोनीत किए जाते हैं। इससे पहले नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने हरिवंश नारायण सिंह राज्यसभा सांसद बनाया था। लेकिन इस बार जेडीयू ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया और हरिवंश को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा राज्यसभा सांसद मनोनीत किया गया।

# ओवैसी का हुमायूं कबीर से किनारा-देर आयद, दुरूस्त आयद!



फरीद वारसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुमायूं कबीर से जुड़े स्टिंग वीडियो विवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि भाजपा सत्ता के लिए किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में जो लोग बाबरी मस्जिद बनाने की बात करते हैं, उनसे हाथ मिलाने के बजाय पार्टी 20 साल तक विपक्ष में बैठना बेहतर समझेगी। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में चुनाव से ठीक पहले बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने आम जनता उन्नयन पार्टी प्रमुख हुमायूं कबीर के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे स्टिंग ऑपरेशन को दिखाते हुए उन पर भाजपा से करोड़ों रुपये लेने और मुस्लिम वोटों को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। वहीं, इन आरोपों के बीच असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की पार्टी से अपना गठबंधन तोड़ने का ऐलान कर दिया है। एआईएमआईएम की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हुमायूं कबीर के कथित खुलासों ने बंगाल के मुसलमानों की राजनीतिक नाजुक स्थिति को उजागर किया है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह किसी ऐसे बयान या गतिविधि से खुद को नहीं जोड़ सकती, जिससे मुस्लिम समुदाय की ईमानदारी और हितों पर सवाल उठें। एआईएमआईएम ने कहा कि अब वह बंगाल विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगी और किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। पार्टी के मुताबिक, दशकों की कथित







'धर्मनिरपेक्ष सरकारों के बावजूद बंगाल के मुसलमान आज भी सबसे गरीब, उपेक्षित और उत्पीड़ित समुदायों में शामिल हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि टीएमसी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुमायूं कबीर का बताया जा रहा एक वीडियो दिखाया, जिसमें वह कथित तौर पर भाजपा नेताओं के साथ पैसों की बातचीत करते सुने जा सकते हैं। टीएमसी का आरोप है कि कबीर ने भाजपा से करीब 1000 करोड़ रुपये की डील की और इसमें से 200 करोड़ रुपये एडवांस मिलने का दावा भी किया। पार्टी के मुताबिक, वीडियो में मध्य प्रदेश और असम के मुख्यमंत्रियों के साथ–साथ प्रधानमंत्री कार्यालय का भी कथित तौर पर जिक्र है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है। टीएमसी सरकार के मंत्री फिरहाद हकीम ने हुमायूं कबीर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, हुमायूं कबीर ने मुसलमानों को भाजपा के हाथ बेच दिया है। वह एक गद्दार है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की गंदी राजनीति का जवाब जनता देगी और पार्टी मुस्लिम मतदाताओं को बांटने की कोशिश कर रही है, खासकर मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में। टीएमससी नेता कुणाल घोष ने इसे ध1000 करोड़ का चुनावी घोटाला बताते हुए कहा कि भाजपा ने 'ठ टीम और 'ब टीम बनाकर हिंदू, मुस्लिम और मतुआ समुदायों को गुमराह करने की कोशिश की है। घोष ने सवाल उठाया कि अगर वीडियो में टीएमसी का नाम लिया जा रहा है तो उसमें शामिल अधिकारियों की जांच क्यों नहीं हो रही और प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में चुप क्यों है। वहीं दूसरी ओर हुमायूं कबीर ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि यह स्टिंग वीडियो एआई से तैयार किया गया फर्जी वीडियो है और टीएमसी ने इसे उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश के तहत बनवाया है। उन्होंने दावा किया कि न तो उन्होंने किसी पार्टी से कोई पैसा लिया और न ही भाजपा या टीएमसी से उनके कोई गुप्त संबंध हैं।

# भाजपा के लिए परीक्षा वाला चुनाव

अजीत द्विवेदी

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव वैसे तो दोनों सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों के साथ साथ मजबूत प्रादेशिक क्षत्रपों और वामपंथी पार्टियों के लिए परीक्षा वाले हैं। लेकिन ये चुनाव खासतौर से भाजपा के लिए परीक्षा वाले इसलिए हैं क्योंकि इनके नतीजों से पता चलेगा कि भाजपा गैर कांग्रेस दलों और प्रादेशिक क्षत्रपों के मुकाबले अपनी चिरंतन कमजोरी से उबर पाई है या नहीं। यह भी पता चलेगा कि क्षेत्रीय और भाषायी अस्मिता वाले राज्यों में भाजपा की अखिल भारतीय राजनीति के दांव पेंच, व्यापक हिंदू ध्रुवीकरण और राष्ट्रवाद की राजनीति कारगर होती है या नहीं। ध्यान रहे इस बार जिन चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु व केरल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में, चुनाव हो रहा है, वहां हिंदुत्व बिल्कुल उस रूप में न तो प्रचलित है और न स्वीकार्य है, जिस रूप में भाजपा उसका उत्तर व पश्चिमी भारत में राजनीतिक इस्तेमाल करती है। साथ ही इन राज्यों में राष्ट्रवाद की भावना के साथ साथ उप राष्ट्रीयता की एक बेहद मजबूत अंतरधारा भी हमेशा मौजूद रहती है। इसलिए इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का चुनाव भाजपा के लिए परीक्षा वाला है। तमिलनाडु को छोड़ दें तो बाकी तीनों बड़े राज्यों में भाजपा अकेले लड़ रही है या गठबंधन की केंद्रीय पार्टी है। सबसे बड़े और सबसे ज्यादा विधानसभा वाले राज्य पश्चिम बंगाल में भाजपा अकेले लड़ रही है। असम में जरूर असम गण परिषद, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट और यूपीपीएल के साथ भाजपा का तालमेल है लेकिन गठबंधन का नेतृत्व भाजपा कर रही है। 126 सदस्यों की विधानसभा में इस बार वह अकेले बहुमत हासिल करना चाहती है। इससे पहले दो चुनावों से वह बहुमत के आंकड़े यानी 64 सीट से थोड़ा नीचे रूक गई थी। उधर केरल में भी भाजपा ने साबू जैकब की ट्वेंटी20 पार्टी से तालमेल किया है। यह एक ईसाई पहचान वाली पार्टी है। वहां भी भाजपा केंद्रीय ताकत है। तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी अपना मजबूत आधार नहीं बना पा रही है और उसे अन्ना डीएमके के पीछे चलना पड़ रहा है, जिसने लोकसभा चुनाव में भाजपा को छोड़ दिया था। हालांकि बाद में भाजपा फिर उसके साथ जुड़ी। इन राज्यों के चुनाव भाजपा के लिहाज से इसलिए भी बहुत अहम हैं क्योंकि इनसे दक्षिण भारत में भाजपा के विस्तार की संभावनाओं का भी पता चलेगा। धीरे धीरे ही सही लेकिन भाजपा ने कर्नाटक के बाद तेलंगाना में अपना मजबूत आधार बना लिया है। केरल में पिछले चुनाव में उसका वोट प्रतिशत दहाई में पहुंच गया। उसके गठबंधन को 12 फीसदी से ज्यादा वोट मिले, जो लोकसभा चुनाव में और बढ़ा। बहरहाल, अगले महीने होने वाले चुनावों में भाजपा के लिए सबसे अहम पश्चिम बंगाल का चुनाव है। भारत की राजनीति में एकाध ही प्रादेशिक क्षत्रप हैं, जिनसे भाजपा सीधी लड़ाई लड़ती है और हरा नहीं पाती है। ममता बनर्जी को नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा आज तक नहीं हरा पाई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब भाजपा बंगाल में सबसे मजबूत होकर उभरी तब भी ममता बनर्जी की पार्टी को उससे ज्यादा सीटें मिलीं। उसके बाद के चुनाव में तो ममता ने चौलेंज देकर भाजपा को सौ सीट के नीचे रोका। भाजपा को 2021 के चुनाव में 77 सीटें मिलीं। इसकी एक व्याख्या तो यह है कि भाजपा 2016 की तीन सीटों से बढ़ कर 77 पहुंची और दूसरी व्याख्या यह है कि भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में सौ से ज्यादा सीटों पर मिली बढ़त से घट कर 77 पर रह गई। जो हो, इस बार नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व वाली भाजपा विधानसभा चुनाव में तीसरी बार ममता बनर्जी के मुकाबले सीधी लड़ाई में उतरेगी। ध्यान रहे तीसरी सीधी लड़ाई में भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को भी हरा दिया था। दिल्ली में 2013 के चुनाव में भाजपा 32 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी। वह 2015 और 2020 में आम आदमी पार्टी से हारी लेकिन 2025 में उसने उसे हरा दिया। ऐसे ही पश्चिम बंगाल में 2016 और 2021 के बाद अब तीसरी लड़ाई है। इस बार हर दांव आजमाए जा रहे हैं। पिछले 10 साल में भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के हर दांव पेंच को समझा है। उसकी ताकत और चुनाव लड़ने के तरीके को ऑब्जर्व किया है और उस हिसाब से रणनीति बनी है। इसमें चुनाव आयोग भी अहम भूमिका निभा रहा है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के जरिए 63 लाख नाम काटे जा चुके हैं। 60 लाख नाम विचाराधीन श्रेणी में रखे गए हैं, जिनमें से 25 से 30 लाख नाम और कट सकते हैं। इनमें से ज्यादातर नाम मुस्लिम बहुल मालदा, मुर्शिदाबाद, नदिया और उत्तरी दिनाजपुर जिले के हैं। भाजपा का दावा है कि इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे घोस्ट मतदाता थे, जिनकी सरकारी तंत्र से बोगस वोटिंग करा कर ममता बनर्जी जीतती हैं। इस बार के चुनाव में इस दावे की भी परीक्षा हो जाएगी। चुनाव आयोग इस बार बुर्के वाली महिलाओं की मतदान केंद्र से बाहर भी जांच करने की तैयारी कर रहा है। केंद्रीय बलों की तैनाती चुनाव की घोषणा से पहले ही कर दी गई है। पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएन रवि को चुनाव से ऐन पहले बंगाल का राज्यपाल बनाया गया। वे तमिलनाडु में डीएमके से टकराव की वजह से मशहूर हुए थे। इसी तरह चुनाव से पहले केंद्रीय एजेंसी ईडी ने ममता बनर्जी का चुनाव प्रबंधन कर रही कंपनी आईपैक के ऊपर छापा मारा। आचार संहिता लगते ही चुनाव आयोग ने ममता की बनाई नंदिनी चक्रवर्ती को मुख्य सचिव के पद से हटा दिया। भाजपा पश्चिम बंगाल के चुनाव को एक राजनीतिक मुकाबले से ज्यादा सभ्यतागत संघर्ष के रूप में लड़ रही है। यह बात पार्टी के प्रवक्ता चौनलों में कह रहे हैं। भारत जैसे विविधता वाले देश में किसी राज्य में अगर भाजपा चुनावी मुकाबले को सभ्यतागत संघर्ष बता रही है तो उसकी बेचैनी को समझा जा सकता है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले कोलकाता के परेड ग्राउंड मैदान में अपने भाषण में यह भय दिखाया कि हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। असल में भारत की जो सभ्यता है वह कई संस्कृतियोंका समुच्य है। भारत विरूद्धों में सामंजस्य साधने की सहस्त्राब्दियों पुरानी व्यवस्था का नाम है। भाजपा सांस्कृतिक भिन्नता को सभ्यतागत संघर्ष बता रही है। यह काम तमिलनाडु मेंभी किया जा रहा है। सो, राजनीतिक प्रबंधन, चुनाव आयोग की भूमिका, भाजपा की सर्वशक्तिमान सत्ता की ताकत और चुनाव को सभ्यतागत संघर्ष बनाने का नैरेटिव बंगाल में कितना कामयाब होता है इस पर सबकी नजर होगी। अगर भाजपा इतना सब करने के बाद भी नहीं जीतती है तो उसे गंभीरतापूर्वक अपनी इस राजनीति पर विचार करना होगा। असम में भाजपा के लिए लड़ाई अपेक्षाकृत आसान इसलिए लगती है क्योंकि वहां परिसीमन के बाद 105 के करीब सीटें ऐसी हो गईं, जिन पर मुस्लिम मतदाताओं का असर बिल्कुल खत्म हो गया है। भाजपा इन्हीं सीटों पर पूरा दम लगा कर लड़ती है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और घुसपैठ के नाम पर राष्ट्रीय सुरक्षा का नैरेटिव भाजपा को सपोर्ट करता है। कुछ भाजपा के प्रयासों और कुछ अपने कारणों से कांग्रेस असम में कमजोर हुई है। उसके कई नेता पार्टी छोड़ कर गए हैं। फिर भी गौरव गोगोई पूरी ताकत से लड़ रहे हैं। केरल में भाजपा का मुख्य प्रयास अपना वोट आधार बढ़ाने और ऐसी राजनीतिक बिसात बिछाने का है, जिसमें कांग्रेस फिर नहीं जीत पाए। भाजपा को पता है कि किसी भी नए राज्य में कांग्रेस की जीत उसे राष्ट्रीय स्तर पर संजीवनी देगी। लेकिन अगर वाम मोर्चा केरल में जीत जाता है तो उससे राष्ट्रीय राजनीति पर रत्ती भर असर नहीं पड़ेगा। तभी केरल का चुनाव भाजपा के नजरिए से देखने की जरुरत नहीं है। वहां के चुनाव नतीजे में दिलचस्पी का तत्व सिर्फ यह है कि कांग्रेस जीतती है या नहीं। तमिलनाडु जरुर दिलचस्प चुनाव है क्योंकि एमके स्टालिन ने तमिल उप राष्ट्रीयता और भाषायी अस्मिता के साथ साथ विकास की राजनीति भी की है। देश की 15 फीसदी पंजीकृत विनिर्माण ईकाई तमिलनाडु में है और 15 फीसदी मजदूर वहां काम करते हैं। चाहे निवेश की बात हो, प्रति व्यक्ति आय की बात हो, जीडीपी की बात हो या औद्योगिक विकास की बात हो, तमिलनाडु मिसाल बना है। वहां भाजपा सनातन और हिंदी के सम्मान की बात करती है लेकिन उसकी सहयोगी अन्ना डीएमके ऐसा नहीं करती है। वह भी मोटे तौर पर डीएमके वाले एजेंडे पर ही चलती है। भाजपा राज्य की राजनीति में छोटी पार्टी है और बहुत कम सीटों पर लड़ेगी। लेकिन उसका प्रयास होगा कि अन्ना डीएमके के कंधे पर सवार होकर डीएमके को हराए। इससे भाजपा के लिए तमिल राजनीतिक का दरवाजा खुलेगा और कांग्रेस की एक बड़ी मददगार पार्टी कमजोर होगी।

# बुजुर्ग महिला हत्याकांड का खुलासा, मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

शेरकोट, बिजनौर। क्षेत्र में हुई बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी जीशान को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान



गिरतार कर लिया। बताया गया कि आरोपी ने लूटपाट के इरादे से बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया था। घटना के दौरान महिला द्वारा विरोध करने पर उसने पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। घटना के खुलासे में सीसीटीवी कैमरों की अहम भूमिका रही। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए घेराबंदी की। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस पर अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी, जिसके बाद उसे मौके से गिरतार कर लिया गया। यह पूरा मामला थाना शेरकोट क्षेत्र के अफजलगढ़ रोड स्थित सिंघाई पुलिस चौकी के पास का बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महमूदाबाद बालिका इंटर कॉलेज की जांच में खुला सच

## - छात्रा के आरोप निकले निराधार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, महमूदाबाद। कस्तूरबा



गांधी आवासीय बालिका इंटर कॉलेज से जुड़े चर्चित प्रकरण ने अब नया मोड़ ले लिया है। छात्रा की तबीयत बिगड़ने और विद्यालय स्टाफ पर गंभीर आरोपों के बाद जहां मामला तूल पकड़ता दिख रहा था, वहीं प्रशासनिक जांच में इन आरोपों की हवा निकल गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित त्रिस्तरीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपते हुए साफ कर दिया है कि छात्राओं से झाड़ू–पोंछा कराना, खाना न देना और प्रताड़ित करने जैसे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। दो दिन पहले विद्यालय की छात्रा शिवानी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। इसके बाद छात्रा ने विद्यालय की कुछ शिक्षिकाओं पर गंभीर आरोप लगाए थे। आरोपों में जबरन काम कराना, खाना न देना और सजा के तौर पर लंबे समय तक खड़ा रखना शामिल था। इस प्रकरण में शिक्षिकाएं प्रियंका, अनुराधा और मानसी श्रीवास्तव के नाम भी सामने आए थे, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया था। 24 घंटे में जांच, कई पहलुओं की पड़ताल मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की। इसमें एसडीएम बिसवां, एसडीएम महमूदाबाद और बेसिक शिक्षा अधिकारी को शामिल किया गया। समिति ने 11 अप्रैल की शाम विद्यालय पहुंचकर छात्राओं और स्टाफ के बयान दर्ज किए विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि छात्राओं को निर्धारित समय पर भोजन दिया जा रहा है किसी भी छात्रा से निजी कार्य नहीं कराया गया। विद्यालय में अनुशासनात्मक व्यवस्था सामान्य रूप से लागू है साथ ही यह भी सामने आया कि संबंधित छात्राओं का आपसी व्यवहार पहले से अनुचित था। जिस पर विद्यालय प्रशासन ने पहले ही परामर्श और चेतावनी दी थी।

# कौवे नोंच रहे थे नवजात का शव, हाईवे पर मिला मासूम

न्यूज वाणी ब्यूरो/हरगांव, सीतापुर। मानवता को झकझोर देने वाली एक हृदयविदारक घटना में हरगांव थाना क्षेत्र के झरेखापुर चौराहे के पास एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ है। रविवार सुबह जब लोग घरों से निकले, तो सड़क किनारे पॉलिथीन में लिपटे मासूम को देखकर उनके होश उड़ गए। यह घटना सीतापुर–लखीमपुर हाईवे की है, जहाँ झरेखापुर चौराहे के पास राहगीरों ने देखा कि कुछ कौवे सड़क किनारे पड़ी एक पॉलिथीन को नोंच रहे थे। करीब जाकर देखने पर पता चला कि उसमें एक नवजात का शव है। देखते



ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों में इस निर्दयी .त्य को लेकर भारी आक्रोश फैल गया। पुलिस की कार्रवाई सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कदम उठाए हैं। पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। झरेखापुर चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सरोज के अनुसार, घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस उन लोगों की पहचान करने में जुटी है जो रात के अंधेरे या सुबह के वक्त शव को वहां फेंक कर गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटना समाज के माथे पर कलंक है। फिलहाल, पुलिस की टीमें हाईवे के आसपास के अस्पतालों और नर्सिंग होम का रिकॉर्ड भी चेक कर सकती हैं ताकि सुराग मिल सके।

# मधुसूदन मिल्क फैक्ट्री प्लांट में लगी भीषण आग

## – कई घंटो चले अभियान में देर शाम तक आग पर पाया काबू

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। रविवार की सुबह मधुसूदन मिल्क फैक्ट्री के बायलर प्लांट में अज्ञात कारणों से भयंकर आग लग गई। जिसे बुझाने के लिए गंगोह देवबन्द एंव सहारनपुर से अग्निशामक दल की कई गाड़िया मौके पर पहुंची। कई घण्टे बीत जाने के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक प्लांट व प्लांट में लगी आधुनिक



मशीने जलकर राख हो चुकी थी। फैक्ट्री में लगी आग से गनीमत रही कोई हताहत नही हुआ। मधुसूदन मिल्क फैक्ट्री के बायलर प्लांट में अज्ञात कारणों से भयंकर आग लगी जिससे फेक्ट्री में अफरा तफरी मच गई। आग इतनी भयंकर रही जिसका धुआं घंटो तक आसमान में देखा गया। सुबह के समय लगी आग पर देर शाम तक तक पूरी तरह काबू पाया गया लेकिन तब तक प्लांट व प्लांट में लगी आधुनिक मशीने जलकर राख हो चुकी थी जिससे फैक्ट्री को बड़े नुकासान होने की बात बताई जा रही है। फैक्ट्री में लगी आग की सूचना पर पहुंची गंगोह देवबन्द एंव सहारनपुर से अग्निशामक दल की कई गाड़िया जिन्होंने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। इस दौरान कपिल सिन्धु एचआर हेड व एसके पंवार जरनल मैनेजर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुबह प्लांट में सब कुछ ठीक चल रहा था कि अचानक बायलर ने आग को सामने की और यानि बैक किया जिससे सामने की और आग लग गई प्लांट में कार्य कर रहे कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई। देखते ही देखते आग भयंकर रूप ले गई जिसको कर्मचारियों द्वारा बुझाना नामुमकिन था।

# यूनाइटेड दल मनाएगी बाबा साहब की 135 वीं जयंती

## - सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। रविवार को सबका दल यूनाइटेड जिला



समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन धाता ब्लाक के चिरई गांव में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी महेंद्र सिंह लोधी व संचालन डाक्टर राधेश्याम सिंह लोधी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चौदह अप्रैल को भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों की समीक्षा करना रहा। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि चिरई गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा, जिसमें सामाजिक समरसता और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं में जयंती को लेकर काफी उत्साह देखा गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राहुल चौधरी, जिला प्रभारी महेंद्र सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष युवा सभा बबलू लोधी, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद लोधी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम लोधी, गोरलाल लोधी, आनंद लोधी, योगेश लोधी, मानसिंह मौर्य, सत्यवीर लोधी, अक्षय लोधी, हरिवंश राय लोधी और पवन सिंह लोधी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# संदिग्ध हालात में युवक का शव पेड़ से लटका मिला

न्यूज वाणी ब्यूरो

पिसावा, सीतापुर। जनपद के पिसावा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान



कुतुबनगर निवासी शिवराज के रूप में हुई है, जो शनिवार रात से लापता बताए जा रहे थे। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के चचेरे भाई हरिपाल के अनुसार, शनिवार रात करीब 10 बजे जब वह खेत से वापस लौटे तो पता चला कि शिवराज घर नहीं पहुंचे हैं। देर रात तक परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार दोपहर गांव के कुछ लोगों से सूचना मिली कि कुतुबनगर–दधनामऊ मार्ग स्थित अजहर शाह की बाग में एक शव पेड़ से लटका हुआ देखा गया है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां शव की पहचान शिवराज के रूप में हुई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम घटना की जानकारी मिलते ही पिसावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वहीं, परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच करते हुए अहम साक्ष्य जुटाए। प्रथम .ष्टया मामला संदिग्ध माना जा रहा है और पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# घर में घुसकर पिता-पुत्र को मारी गोली, तीन साल का मासूम जिंदगी से जूझ रहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के तुरनी गांव में रविवार तड़के एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। अज्ञात हमलावरों ने घर में सो रहे पिता और उसके तीन वर्षीय मासूम बेटे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में 35 वर्षीय सुनील कुमार और उनका बेटा अभय गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घटना सुबह करीब 3 बजे की है जब पूरा गांव गहरी नींद में था। हमलावरों ने पहले घर के बाहर लगा बिजली का केबल काट दिया, जिससे इलाके में घुप्प अंधेरा छा गया। इसके बाद बदमाशों ने घर के दरवाजे पर लगी तिरपाल हटाकर अंदर घुसते ही सो रहे पिता–पुत्र को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। गोली की आवाज सुनते ही परिवार और आसपास के लोग दहशत में जाग गए। चीख–पुकार के बीच हमलावर मौके से फरार हो गए। आनन–फानन में परिजन दोनों घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। जांच के दौरान एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित एक मंदिर के कमरे का ताला टूटा मिला, जहां से राशन सहित कुछ सामान गायब पाया गया। ग्रामीणों को आशंका है कि बदमाशों ने लूट की नीयत से वारदात को अंजाम



दिया, हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। पीड़ित के बड़े भाई किशोरी लाल ने बताया कि परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। अचानक हुई इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक मुकेश वर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और हमलावरों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरतार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। गांव में दहशत, पुलिस पर बढ़ा खुलासे का दबाव इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे गांव में भय का माहौल है। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# जनगणना की तैयारी को लेकर एमजी कॉलेज में हुई समीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। आगामी जनगणना की तैयारी को लेकर एमजी इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण समीक्षा आयोजित की गई, समीक्षा का नेतृत्व मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे



मोहनलाल गुप्ता द्वारा किया गया। समीक्षा के दौरान जनगणना कार्य को सुचारू और त्रुटिहीन ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि जनगणना कार्य में तैनात होने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों के लिए विस्तृत प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के माध्यम चलेगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक संचालित होगा, प्रशिक्षण के लिए एमजी इंटर कॉलेज के 45 कमरों को आरक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण में लगभग 6000 प्रगणक एवं सुपरवाइजर भाग लेंगे, प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दो मुख्य मास्टर ट्रेनर एवं 88 ट्रेनरों की तैनाती की गई है, समस्त गतिविधियों की निगरानी और समन्वय के लिए एम0जी0 इंटर कॉलेज परिसर में ही एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी जनगणना के0एम0 सिंह एवं डीएसटीओ एम0पी0सिंह, सहायक जिला प्रभारी जनगणना सनी कुमार, प्रिंसिपल सरिता यादव, मास्टर ट्रेनर अश्वनी जैन, व योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहें।

# मैनपुरी में डीएम व एसएसपी ने अश्वनी जैन को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। मैनपुरी के ऐतिहासिक श्री देवी



मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी के कादम्बरी रंगमंच पर सांस्.तिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक शाम श्री राधा कृष्ण के नाम में जनपद मैनपुरी के जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर उन्हें शॉल पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टीएलएम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आदि एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। अंजनी कुमार सिंह ने अश्वनी कुमार जैन के राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया एवं उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने जिलाधिकारी मैनपुरी अंजनी कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, एस पी सिटी अरुण कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक कन्हैयालाल धूसिया, सौरभ जैन, आशीष धूसिया, रोहित जैन संसार सोप एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ अपने परिवार, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद के जनपद बनने से पूर्व श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज मैनपुरी जनपद का हिस्सा रहा है।

# मिश्रिख-नैमिषारण्य में डीएम का छापा, लापरवाह कर्मचारियों पर गिरी गाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने रविवार को नगर पालिका परिषद मिश्रिख और नैमिषारण्य का औचक निरीक्षण किया जिसमें भारी अव्यवस्थाएं मिलने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कई पटल सहायकों का वेतन रोकने और अधिकारियों को फटकार लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामने आईं मुख्य खामियां और की गई कार्रवाई। अधूरे अभिलेखों पर गिरी गाजरू हैंडपंपों की



मरम्मत और पानी की टंकी की सफाई से जुड़ी फाइलें अधूरी मिलने पर डीएम ने संबंधित कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की समीक्षा के दौरान रिकॉर्ड उपलब्ध न होने पर पटल सहायक पर कार्रवाई की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि निगरानी के लिए सभी पोलों की नंबरिंग अनिवार्य रूप से की जाए। जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदकों को डीएम ने स्वयं फोन कर फीडबैक लिया। आईजीआरएस पोर्टल और जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायतों का इंद्राज न मिलने पर ईओ को कड़ी फटकार लगाई गई। कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में अवकाश दर्ज न होने और वाहन लॉगबुक में मिली अनियमितताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वंदन योजना के तहत मिश्रिख स्टेशन से सीताकुंड धर्मशाला तक बनी सड़क का स्थलीय निरीक्षण कर उन्होंने मानकों के अनुरूप कार्य करने की चेतावनी दी।

# नाली विवाद ने लिया खूनी रूप, दबंगों का घर में घुसकर हमला

## – महिलाओं समेत पांच घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिसवा, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव में नाली के विवाद ने देर रात हिंसक रूप ले लिया, जब दबंगों ने एक ही परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर घर में घुस आए और महिलाओं समेत परिवार के सदस्यों को बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि गांव में नाली को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो शनिवार देर रात अचानक उग्र हो गया। पीड़ित परिवार के मुताबिक, गांव के ही राम सिंह, मनीराम, दुर्गेश और सर्वेश लाठी–डंडों से लैस होकर घर में घुस आए और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के दौरान घर में चीख–पुकार मच गई और अफरा–तफरी का माहौल बन गया। इस हमले में अनूप कुमार, उनकी पत्नी संगीता, मां गुड्डी देवी, भाई अवनीश और धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार सभी को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गांव में तनाव, पुलिस की नजर घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस सतर्क है और इलाके में नजर बनाए हुए है।

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष का हुआ अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। शिक्षा जगत के सम्मानित चेहरे और उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुरारी लाल श्रीवास्तव के सम्मान में रविवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम 12 अप्रैल को स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज खैराबाद में आयोजित हुआ। जिसमें जिले भर से शिक्षकों और पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। गौरतलब है कि मुरारी लाल श्रीवास्तव 31 मार्च को कंपोजिट विद्यालय बेनीपुर बिसवां से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके लंबे और समर्पित शैक्षिक जीवन को सम्मानित करने के लिए यह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संरक्षक अशोक प्रजापति ने की, जबकि संचालन स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज के प्रबंधक सैयद आमिर रिजवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायी बन गया। समारोह में उपस्थित शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने श्रीवास्तव जी को माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, अनुशासन, कार्यशैली और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को अत्यंत प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर एसएस दिनकर विश्व मानव अधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट, भारत ने भी श्रीवास्तव एवं अशोक प्रजापति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फुरकान अली, विश्वनाथ दीक्षित, राम




मूर्ति मिश्रा, इंद्र मोहन त्रिवेदी, संतोष सिंह दिनकर, मीनू सूर्य यादव, मधुरिमा वर्मा, यासमीन बेगम, सुधा वर्मा, सौम्या शुक्ला, कात्यायनी मिश्रा, सतीश कुमार शुक्ल, सुरेश चंद्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी उपस्थितजनों ने श्रीवास्तव के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके योगदान को शिक्षा जगत के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बताया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जारी गांव में स्थित यूपीएस जारी एक में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। बच्चों ने नारे लगाते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। प्रधानाचार्य साधना निगम के तत्वाधान में रैली गांव के मुख्य मार्गों से होकर निकली, जिससे ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी।



इसके पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद अध्यक्ष बाँदा श्री नीरज निगम, श्याम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक तथा गायत्री शक्तिपीठ बांदा के अध्यक्ष नवीन निगम, जल जंगल और जमीन के लिए कार्य करने वाले प्र.ति प्रेमी पंकज बागवान, समाजसेवी विशाल श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा विभाग के एआरपी हर्ष श्रीवास्तव तथा धनंजय आदि ने दीप प्रज्जवलन कर किया। विद्यालय की छात्र–छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, आरंभ है प्रचंड आदि गीतों पर विभिन्न सांस्:तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी बच्चों को अतिथियों के कर कमलों द्वारा परीक्षा फल, प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों का भी माल्यार्पण कर उन्हें कॉपी पेन आदि शिक्षण सामग्रियाँ बांटी गईं। राज्य पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय की सहायक अध्यापिका रश्मि अग्रवाल ने विद्यालय के बढ़ते कदमों पर चर्चा की। सहायक अध्यापिका अर्चना तिवारी ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए अच्छे संस्कार हेतु प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक साधना निगम ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का सफल बनाने में सहयोग के लिए आभार जताया।

# कांग्रेसी नेता धर्मेन्द्र रिछारिया के निधन पर शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला महासचिव धर्मेन्द्र रिछारिया का विगत दिनों निधन हो गया था। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय स्टेशन रोड में उनके निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर दुःख व हार्दिक संवेदना प्रकट करते हुए उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके दुःखद निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि ष्यह बेहद दुःखद समाचार है। मेरे प्रथम कार्यकाल 2013 में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव पद पर कार्यरत रहे। धर्मेन्द्र रिछारिया का निधन 09 अप्रैल को शाम 5 बजे हो गया था। उनका 10 अप्रैल को सुबह अंतिम संस्कार सम्पन्न हो गया था। उन्होंने कांग्रेस पार्टी में सक्रियता से योगदान दिया। कांग्रेस पार्टी में उनका सक्रिय योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।ष शोक सभा में जिला कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ संजय द्विवेदी दनादन, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, छेदीलाल धुरिया, हरिशंकर बाजपेई, लालबाबू राजपूत, केपी सेन, अशरफ उल्ला खान रम्पा, शब्बीर सौदागर, सैय्यद वारिस अली, वीरेन्द्र धुरिया, सुखदेव गांधी, अली बख्श, लालाबाबू राजपूत सहित अनेकों कांग्रेस जनों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एसएसबी ने मानव तस्करी का प्रयास किया विफल

## – नाबालिग नेपाली लड़की बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा की एसएसबी चेक पोस्ट पर सुरक्षा एजेंसियों ने मानव तस्करी के एक संदिग्ध मामले का खुलासा करते हुए एक नाबालिग नेपाली लड़की को सुरक्षित बरामद किया है। यह कार्रवाई 11 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे नियमित जांच के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक नेपाली नाबालिग लड़की और एक युवक को नेपाल से भारत में प्रवेश करते समय रोका गया। प्रारंभिक पूछताछ में लड़की ने युवक को अपना भाई बताया, लेकिन अधिकारियों को संदेह होने पर गहन जांच की गई। जांच के दौरान लड़की के पिता से संपर्क किया गया, जिसमें पता चला कि लड़की घर से भागी हुई थी और युवक परिवार के लिए पूरी तरह अज्ञात था। कड़ी पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि वह नाबालिग को काठमांडू से बेंगलुरु ले जा रहा था। इस आधार पर मामला मानव तस्करी से जुड़ा संदिग्ध पाया गया। बरामद नाबालिग की पहचान 16 वर्षीय सबीना शाही के रूप में हुई है, जो नेपाल के कालिकोट जिले की निवासी है। वहीं, आरोपी युवक कमल शाही 23 वर्ष को हिरासत में लिया गया। बचाई गई नाबालिग को नेपाल स्थित सामाजिक संस्था शांति पुनर्स्थापना गृह को सौंप दिया गया है, जबकि आरोपी युवक को आगे की कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों की इस सतर्कता से एक बड़ी घटना टल गई और सीमा पर मानव तस्करी के प्रयास को समय रहते विफल कर दिया गया।

# धोखाधड़ी कर जाल बिछाने वाले तीन शातिर जालसाज गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। मटेरा थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने धोखाधड़ी कर लोगों को जाल और फरेब करने वाले तीन शातिर जालसाजों को गिरतार किया है। पुलिस के अनुसार गिरतार अभियुक्तों की पहचान सकीरूद्दीन खान, सफीकुद्दीन खान तथा गुलाम मोहम्मद उर्फ जोखन के रूप में हुई है। तीनों अभियुक्त थाना कोतवाली मटेरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिवपुर दाखिला लालपुर के निवासी बताए गए हैं। पुलिस टीम ने इन्हें लालपुर मोड़ मटेरा से धर दबोचा। बताया जा रहा है कि गिरतार अभियुक्त लंबे समय से धोखाधड़ी कर लोगों को ठगने की गतिविधियों में संलिप्त थे। पुलिस को इनके विरुद्ध लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन्हें मौके से गिरतार किया गया। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है, वहीं आमजन ने मटेरा पुलिस की इस सख्त कार्रवाई की सराहना की है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जनपद में धोखाधड़ी, ठगी और अपराध में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# उच्च न्यायालय के आदेश की अनदेखी पर उठा सवाल

## - प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पं० जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज के प्रबंधन को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2008 में पारित याचिका संख्या–263025 के निर्णयादेश का अब तक पालन नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कॉलेज प्रबंधन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए थे, जिनका उद्देश्य संस्थान में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। हालांकि, शिकायत में कहा गया है कि वर्षों बीत जाने के बावजूद इन निर्देशों को लागू नहीं किया गया, जिससे प्रशासनिक



अनियमितताओं की स्थिति बनी हुई है। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और न्यायालय के आदेश का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे कानूनी कदम उठाने को बाध्य होंगे। इस प्रकरण ने शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस शिकायत पर क्या रुख अपनाता है और क्या वास्तव में न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित हो पाता है या नहीं। पं० जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज, में चल रहे प्रबंधन विवाद को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी झांसी–चित्रकूट धाम मंडल, प्रो. सुशील बाबू ने मामले में महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए प्राचार्य के वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रशासन को गुमराह करने पर पैदा हुए सवाल जारी आदेश के अनुसार, (संलग्नक–6) के अंतर्गत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन निर्गत करने के लिए एकल संचालन की व्यवस्था लागू किए जाने का प्रावधान है। इसके तहत अब वेतन भुगतान की प्रक्रिया प्राचार्य के माध्यम से नियमानुसार प्रस्तुत की जाएगी, जिससे लंबित वेतन बिलों का पारित होना सुनिश्चित किया जा सके। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अध्याय–11 की धारा 56, 57, 58, 59 एवं 60 तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय परिनियम 1977 के प्रावधानों के अनुसार यह कार्रवाई की जा रही है। विशेष रूप से धारा 60(डी) के तहत एकल संचालन का प्रावधान लागू होता है, जिससे वित्तीय अनियमितताओं पर नियंत्रण पाया जा सके। इसके साथ ही, 28 फरवरी 2026 को की गई शिकायत में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन का भी उल्लेख किया गया है। आदेश में कहा गया है कि न्यायालय के निर्देशों के विधिसम्मत निस्तारण के बाद ही प्राचार्य का वेतन पारित किया जाएगा। प्रशासन के इस फैसले को शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि इससे लंबे समय से लंबित वेतन भुगतान की समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है। वहीं, कॉलेज प्रबंधन पर भी नियमों के अनुपालन का दबाव बढ़ गया है।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब की नई जिला कार्यकारिणी का गठन

## - जिलाध्यक्ष शाह आलम व महामंत्री फुजैल के साथ 35 पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत का सबसे लोकप्रिय संगठन नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के जिला इकाई का हुवा गठन, राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट ज्ञानेंद्र कटियार, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी, मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर, मण्डल महामंत्री वीरेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रशान्त मिश्रा ने फतेहपुर पहुंचकर सभी उपस्थित पदाधिकारियों को सत्र 2026–27 हेतु मनोनीत किया। 35 पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते हुए कमेटी द्वारा स–सम्मान प्रमाण पत्र देकर माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम जागेश्वर फौजी राष्ट्रीय संगठन मंत्री को राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी शर्मा व राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट ज्ञानेंद्र कटियार ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। जिला कमेटी के पिछले वर्ष के बेहतर कार्यों को देखते हुए फतेहपुर जिला कमेटी के पिछले वर्ष के बेहतर कार्यों को देखते हुए शाह आलम वारसी को पुनः जिलाध्यक्ष, श्याम स्वरूप जिला संयोजक, शराफत खान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, फुजैल खान को जिला महासचिव, मोहम्मद हारुन जिला उपाध्यक्ष, विवेक कुमार जिला उपाध्यक्ष, उस्मान खान जिला उपाध्यक्ष, गुलाब हुसैन जिला कोषाध्यक्ष, नियाज अहमद जिला प्रचार मंत्री, प्रभात कुमार जिला संगठन मंत्री, अजय सिंह मौर्य जिला मंत्री, शिवकरण जिला मंत्री, अतुल जिला मंत्री, संतोष कुमार जिला सूचना मंत्री, फाजिल अंसारी जिला सचिव, शिव कुमार जिला सचिव, नदीम सिद्दीकी जिला व्यवस्था मंत्री, अन्नू वर्मा जिला प्रवक्ता, संतोष प्रजापति जिला मीडिया प्रभारी, मोहम्मद रजा जिला कार्यकारिणी सदस्य, एडवोकेट फिरोज खान जिला विधि सलाहकार बनाया गया। तहसील स्तर पर रामदेव गुप्ता तहसील अध्यक्ष सदर, अब्दुल हमीद तहसील मीडिया प्रभारी, प्रवीण कुमार तहसील संगठन मंत्री, मोहम्मद फैसल खान तहसील सचिव, हुमैर अख्तर तहसील प्रचार मंत्री तथा लव सिंह सदस्य बनाए गए। अधिवक्ता क्लब से जिलाध्यक्ष एडवोकेट पूर्णेन्द्र कुमार अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष एडवोकेट नितिन त्रिपाठी महामंत्री, एडवोकेट रितिक पाल कोषाध्यक्ष, एवं सामाजिक क्लब से आशीष कुमार जिला महासचिव, जिला सचिव सोनू व रमाकांत, जिला प्रचार मंत्री जितेंद्र कुमार, जिला सूचना मंत्री शिवपाल, जिला व्यवस्था मंत्री विनोद, जिला मंत्री नरेश कुमार, जिला मंत्री गुफरान इत्यादि को पदभार सौंपा गया। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा ने अवगत कराया कि सभी पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस के शुभ अवसर पर 30 मई 2026 को भव्य तरीके से कराया जाएगा। सपथ ग्रहण का स्थान व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की जानकारी जल्द ही दी जाएगी।



नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी शर्मा द्वारा प्रशिक्षण देते हुए विस्तार से संगठन की रणनीति, पत्रकारों व पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से जानकारी प्रदान की और संगठन के साथ पूर्ण निष्ठा, लगन से कार्य कर रहे सदस्यो व पदाधिकारियों हेतू संगठन की ओर से निर्धारित किए गए निशुल्क बीमा, स्वास्थ्य, पेंशन जैसी व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला। वहीं राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट ज्ञानेंद्र कटियार ने गठित की गई कमेटी के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ अपने पद के अनुसार निडर होकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने हेतू निर्देशित किया। वही राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए दिए गए पद को जिम्मेदारी के साथ निभाने को कहा और किसी भी बैठक, प्रशिक्षण व कार्यक्रम हेतू फौजी कॉम्प्लेक्स निःशुल्क देने की बात की साथ में कमेटी के सहयोग के लिए 24 घंटे सेवाएं प्रदान करने को कहा। जिलाध्यक्ष शाह आलम द्वारा मुख्य अतिथि एम डी शर्मा, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट ज्ञानेन्द्र कटियार, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी, मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर, एडवोकेट प्रशान्त शर्मा, मण्डल महामंत्री वीरेन्द्र शर्मा को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए स्वागत व सम्मान करते हुए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, कार्यक्रम समापन उपरांत सभी को जलपान व भोजन कराते हुए विदाई प्रदान की गई। कार्यक्रम में सैंकड़ों पत्रकार, अधिवक्ता व समाजसेवी उपस्थित रहे, संगठन द्वारा सभी को सम्मानित किया गया।

# विश्व हिंदू महासंघ का 46 वां स्थापना दिवस मनाया

## - गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। रविवार को नगर क्षेत्र के लोहिया पुल के समीप स्थित कान्हा कुंज में विश्व हिंदू महासंघ 46 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ में विश्व हिंदू महासंघ की स्थापना 1980 में स्थापना की गई थी स्थापना करने वाले महंत ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ महाराज द्वारा स्थापना की गई थी। इस संगठन की स्थापना नेपाल देश में की गई थी जिसमें महिलाओं ने भी सहभागिता दिखाई। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रसंत अवैद्यनाथ के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही उनको याद किया।



इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि यह संगठन पूरे विश्व में कार्य कर रहा है और इस संगठन के माध्यम से हिंदू जनमानस की विभिन्न समस्याओं को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दे रखे जाते हैं और हिंदू हित की बात की जाती है। इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने सभी का अभिवादन किया। साथ ही आगामी होने वाले कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 27 अप्रैल को गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने हेतु एक भव्य रैली का आयोजन किया जाना है साथ ही प्रत्येक तहसील स्तर से एक साथ पूरे भारत भर में गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपे जाने का कार्य किया जाएगा जिससे गौवंशों की दुर्दशा जो वर्तमान में है उससे उन्हें निजात मिलेगा और उनकी स्थिति में सुधार होगा। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मातृशक्ति संतोष मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता जिला मंत्री रीना कश्यप जिला उपाध्यक्ष मलती दीक्षित जिला मंत्री शिवानी सिंह गौतम जिला प्रभारी सुरेश कान्हा जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला कोषाध्यक्ष प्रेम गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रजापति जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति जिला उपाध्यक्ष मोंटू गुप्ता जिला उपाध्यक्ष नवीन प्रकाश गुप्ता नीतू जिला मंत्री रविंद्र सिंह जिला प्रवक्ता उमेश तिवारी जिला मंत्री राहुल सिंह ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार जिला मीडिया प्रभारी पुरन राय नगर अध्यक्ष ऋषभ कुमार विश्वकर्मा नगर अध्यक्ष मटोध मनुज त्रिपाठी बबेरू ब्लॉक अध्यक्ष शिव प्रजापति सहित तमाम पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चंबल ब्रिज पर सघन चेकिंग, बढ़पुरा पुलिस की कार्रवाई

## – स्टंट ड्राइविंग पर शिकंजा, दो बाइक सीज,– 12 वाहनों पर कार्रवाई, 35 हजार रुपये जुर्माना



न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनपद में अवैध परिवहन, खनन, जीएसटी अनियमितता एवं अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान के तहत थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा चंबल ब्रिज पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान स्टंट ड्राइविंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट करते पाए गए 2 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया गया। वहीं चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहनों का विभिन्न धाराओं में चालान किया गया। इसके अलावा फॉल्टी नंबर प्लेट व त्रुटिपूर्ण, अस्पष्ट नंबर प्लेट लगे 2 डंपरों का भी चालान किया गया। पूरे अभियान में कुल 12 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 35,000 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। इस कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें। स्टंट ड्राइविंग, बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत नंबर प्लेट लगाना व अवैध परिवहन जैसे .त्य दंडनीय अपराध हैं। जनपद में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# जेसीबी चालक की मौत पर परिजनों का हंगामा, कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



किशनपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के रग्घूपुर गांव में जेसीबी चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने जेसीबी मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात जेसीबी चालक राकेश पासवान की दबकर दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शनिवार रात जैसे ही शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा, परिजनों में आक्रोश फैल गया।

रविवार सुबह परिजनों ने मृतक की मौत को हादसा मानने से इनकार करते हुए इसे हत्या करार दिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा–बुझाकर शांत कराया। काफी मशक्कत के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए और शव का अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में किशनपुर थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया कि परिजन हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उन्हें समझाकर शांत कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# वन अनुसंधान संस्थान देहरादून का औद्योगिक भ्रमण

## - छात्र-छात्राओं ने हासिल किया व्यावहारिक ज्ञान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने तीन दिवसीय औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत उत्तराखंड स्थित वन अनुसंधान संस्थान देहरादून का शैक्षिक दौरा किया। भ्रमण के प्रथम दिवस आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वन विज्ञान और औषधीय पौधों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने संस्थान के विभिन्न संग्रहालयों का अवलोकन करते हुए वन अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण तथा प्रा.तिक संसाधनों के संतुलित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। विशेषज्ञों द्वारा उन्हें औषधीय पौधों के महत्व, उनके उपयोग तथा संरक्षण के तरीकों के बारे में भी बताया गया, जिससे विद्यार्थियों की विषयगत समझ और अधिक सु.ढ़ हुई। संस्थान के विशाल, हरित एवं ऐतिहासिक परिसर ने छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और जिज्ञासा स्पष्ट रूप से देखने को मिली। संस्था के चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला (शल्य चिकित्सक), निदेशिका पल्लवी शुक्ला, प्रबंधक आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी व एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक एवं शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है, जो उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी, संकाय सदस्य शिवमूर्ति सिंह, शिक्षिका शालू त्रिपाठी सहित अन्य स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय सालाना उर्स का हुआ शुभारंभ

## – भारत के कोने–कोने से पहुंच रहे जायरीन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती जनपद के बाबाकुटी पर स्थित हाजी मासूम अली शाह किंतुरी की सुप्रसिद्ध दरगाह जो इस इलाके की ऐतिहासिक व सबसे पुरानी दरगाह है जहां पर तीन दिवसीय सालाना उर्स का आगाज शुक्रवार देर शाम से प्रारंभ हुआ जिसमें भारत के विभिन्न कोने एवं नेपाल राष्ट्र से भी हजारों की संख्या में अकीदतबंद पहुंचकर माथा टेक रहे हैं। बताते चलें कि हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही धूमधाम के साथ सालाना उर्स मनाया जा रहा है।




दरगाह प्रबंधन कमेटी के सरपरस्त बाबा चचेरे (भाई) मोहम्मद अकील अंसारी किंतुरी ने बताया कि यह बाबा का 30 वां सालाना उर्स है। इसकी तैयारी पिछले कई दिनों से की जा रही थी जो शुक्रवार देर शाम को फीता काटकर शुरू जो रविवार को सुकराना व गुस्ल की रस्म के बाद संपन्न होगा उन्होंने बताया कि बाबा के सालाना उर्स में आने वाले जायरीनों के लिए प्रबंधन कमेटी की तरफ से खाने–पीने व उनके ठहरने का उचित प्रबंध किया गया है। साथ ही साथ साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खासकर महिलाओं के लिए प्रबंधन कमेटी की तरफ से उचित व्यवस्था की गई है। वहीं स्थानीय पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद है।

# गोदाम से चोरी करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

## – 12 बोरी कांच व घटना में प्रयुक्त ई–रिक्शा लोडर बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल में नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कांच के गोदाम से काँच से भरे हुए 12 प्लास्टिक कट्टे चोरी करने के सम्बन्ध में थाना रामगढ़ पर पंजी.त मु0अ0सं0 226/26 धारा 305 बीएनएस0 में प्रकाश में आए चार अभियुक्तों मुजाहिद पुत्र इस्तकबाल, फारूख उर्फ बाबू पुत्र मौहम्मद आजम, अरसद पुत्र रहमत अली, मोहम्मद कैफ पुत्र नदीम को रविवार को भीकनपुर तिराहा के पास से थाना रामगढ़ से गिरतार किया गया है। गिरतारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से 12 प्लास्टिक के कट्टे मय काँच भरे हुये तथा चोरी करने में प्रयुक्त 01 टिर्री (ई–रिक्शा लोडर) बरामद किया।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### – 5 डंपर व ट्रक सीज, 8 लाख रुपये का जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन एवं बिना नम्बर प्लेट वाहनों के विरुद्ध इटावा पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान उच्चाधिकारियों के निर्देशन में लगातार संचालित किया जा रहा है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके।



इसी क्रम में थाना वैदपुरा पुलिस टीम ने खनन विभाग एवं परिवहन विभाग (आरटीओ) के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से कार्रवाई की। अभियान के दौरान वैदपुरा चौराहे पर सघन चेकिंग कर ओवरलोड वाहनों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा बिना वैध प्रपत्रों के परिवहन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत कुल 5 डम्परध्ट्रक सीज किए गए, जबकि लगभग 8 लाख रुपये का सम्मन शुल्क वसूला गया। इस अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में खौफ देखा गया। इटावा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैधा खनन, ओवरलोडिंग अथवा अवैध परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# अतुल दुबे बने व्यापार मंडल के सैफई ब्लॉक के नगर अध्यक्ष

### - व्यापार मंडल कार्यक्रम में यातायात प्रभारी का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में शहर के



नारायण बैंकट हॉल, ड्रीमलैंड (शास्त्री चौराहा के पास) एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक डॉ. विनोद शर्मा ने की। इस दौरान संगठन की एकजुटता और व्यापारी हितों को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन हमेशा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी को यदि कोई समस्या होती है तो उसका पूर्ण समाधान कराया जाएगा और संगठन हर स्तर पर उनके साथ खड़ा रहेगा। मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने सड़क सुरक्षा को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क पर नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हेलमेट का प्रयोग, सही दिशा में वाहन चलाना, ओवरस्पीडिंग से बचना और ट्रैफिक नियमों का पालन करना न केवल स्वयं की सुरक्षा बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान अतुल दुबे को सैफई ब्लॉक का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा व्यापारी हितों की आवाज और प्रभावी ढंग से उठाई जाएगी। कार्यक्रम में के. त्रिपाठी (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष), विमलेश श्रीवास्तव (जिला सचिव), रणवीर सिंह राजावत, रणवीर सिंह चौहान, जोगेंद्र सिंह चौहान, डॉ. सुधीर वर्मा, रामराज शास्त्री, राम केदार, प्रवीण कुमार, डॉ. कमल कुशवाहा, राजीव गुप्ता, क्षेत्रपाल यादव (नगर अध्यक्ष भरथना), विनोद यादव, मनोज अग्रवाल (जिला उपाध्यक्ष), मसूद तैमूरी, विवेक कुमार सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# रील चलाने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ निकाला, कार्रवाई से छूट

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा, सैफई। न्यूज वाणी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और मामले की जांच शुरू की। इसके बाद थाना सैफई में अधिवक्ताओं को बुलाकर पूरे प्रकरण की जानकारी साझा की गई। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि जिस व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर अधिवक्ताओं के लिए रील चलाई गई थी, वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। जानकारी के अनुसार वह पूर्व में एक सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ था, जिसमें उसके मस्तिष्क की सर्जरी हुई थी। इसी कारण उसकी सोचने–समझने की क्षमता प्रभावित हो गई है और उसने यह रील अन्य लोगों के कहने पर बना दी थी। मामले में युवक एवं उसके परिजनों




द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी गई। अधिवक्ता समाज ने उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए मानवीय .ष्टिकोण अपनाया और उसके खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने का निर्णय लिया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि खबर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की गई, लेकिन रील चलाने वाले व्यक्ति की मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। साथ ही उसके परिजनों एवं ग्रामीणों ने भविष्य में ऐसी घटना न होने देने की जिम्मेदारी ली है। इस पूरे प्रकरण में पुलिस की सक्रियता के साथ–साथ सामाजिक संवेदनशीलता भी देखने को मिली।

# मच्छर रोकथाम के लिए शहर में तेज हुई फागिंग

### – शरद बाजपेयी के प्रयास से मोहल्लों में छिड़काव अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संचारी रोगों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए शहर में फागिंग अभियान तेज कर दिया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद



बाजपेयी के प्रयासों से पुराना शहर के विभिन्न मोहल्लों में व्यापक स्तर पर दवा का छिड़काव कराया गया। बताया गया कि मच्छरों की बढ़ती समस्या को देखते हुए शरद बाजपेयी ने 23 फरवरी को नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी (ईओ) को फागिंग शुरू कराने के लिए पत्र दिया था। इसके बावजूद कार्रवाई न होने पर उन्होंने 13 मार्च को पुनः पत्र भेजा। बाद में शासन के निर्देश पर संचारी रोगों की रोकथाम के तहत 1 अप्रैल से फागिंग अभियान शुरू किया गया। शनिवार को शाम 3रू30 बजे से 6 बजे तक छोटी व बड़ी फागिंग मशीनों के माध्यम से शाहगंज, उझैदी, चौखर कुआं, वैरुन पंसारी टोला, हुई गंज, राजागंज, सीओ चौराहा, सीओ ऑफिस, गाड़ीपुरा चूड़ी बाजार, लालपुरा, अकालगंज, कटरा टेक चंद्र, पचराहा, छैराहा, कुंज गली, कुंज फाटक समेत कई मोहल्लों में दवा का छिड़काव कराया गया। शरद बाजपेयी ने कहा कि मच्छरों से डेंगू, मलेरिया और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं, इसलिए उनकी रोकथाम प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि फागिंग के साथ–साथ एंटी लार्वा दवा का छिड़काव भी लगातार कराया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सड़कों पर कूड़ा न फेंके और पानी को जमा न होने दें। साफ–सफाई और जनसहयोग से ही क्षेत्र को स्वच्छ और रोगमुक्त बनाया जा सकता है। इस दौरान चन्द्र प्रकाश, लक्ष्मण प्रसाद, राहुल, उमेश दिवाकर, जीशान, कुलदीप राजपूत, बंटी जैन समेत कई लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल कार्यक्रम में सूबेदार सिंह व ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा सम्मानित

### – न्यूज वाणी की निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना, भव्य आयोजन में जुटे व्यापारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में शहर के नारायण बैंकट हॉल, ड्रीमलैंड (शास्त्री चौराहा के पास) एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे, जिससे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर उनके द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जानकारियों को उपस्थित लोगों ने गंभीरता से सुना और सराहा। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण न्यूज वाणी दैनिक समाचार पत्र के इटावा ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा का सम्मान रहा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संजीव शर्मा को माल्यार्पण कर सम्मानित किया और उनके द्वारा किए जा रहे निष्पक्ष एवं प्रभावी पत्रकारिता कार्यों की जमकर सराहना की। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि न्यूज वाणी अखबार ने इटावा में अपनी अलग पहचान बनाई है और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि अखबार के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे समाधान में भी मदद मिलती है।



कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना होती है और ऐसे में निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारों का सम्मान करना समाज का दायित्व है। इस अवसर पर मौजूद व्यापारियों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सहयोग और सामाजिक समन्वय को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने सम्मानित व्यक्तियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ग्राम भैंसाबृजपुर में हुई चोरी का खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

### – चांदी के आभूषण व एक तमंचा व दो कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना रजावली पुलिस टीम द्वारा बीती 27 मार्च की मध्य रात्रि में ग्राम भैंसाबृजपुर में वादी के मकान की छत तोड़कर चोरी की घटना को अन्जाम देने वाले नामजद अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू पुत्र खजान सिंह निवासी



विशाना थाना चन्दपा जनपद हाथरस को मुखबिर की सूचना पर ग्राम शेखूपुर से नहर को जाने वाले मार्ग पर रोड़ के किनारे स्थित ट्यूबेल थाना क्षेत्र रजावली जनपद से गिरफ्तार किया गया है। गिरतार अभियुक्त के कब्जे से मकान से चोरी गये चांदी के आभूषण 01 कमर कौंधनी, 01 जोडी पायल, 01 गले की जंजीर व 01 तोडिया एवं 01 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए है।

# टीएससीटी टीम ने दिवंगत शिक्षामित्र परिवार को दी पचास लाख की मदद

### - डीबीटी से खाते में पहुंचे रुपए

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। टीचर्स सेल्फ केयर टीम की जनपदीय इकाई ने



दिवंगत शिक्षामित्र स्वर्गीय आलोक अवस्थी की पत्नी माया देवी को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी। रविवार को टीएससीटी टीम ग्राम सई चौडगरा स्थित आवास पहुंची, जहां परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की गई और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद से परिजनों की टेलीफोनिक वार्ता भी कराई गई। स्वर्गीय आलोक अवस्थी प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर ब्लॉक मलवा में शिक्षामित्र पद पर कार्यरत थे और 4 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। निरीक्षण के दौरान जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार साहू, मंडल सह–संयोजक प्रकाश शंकर मोदनवाल, जिला प्रवक्ता विपिन श्रीवास्तव, जिला सह–संयोजक फ़राज़ उज जफर, श्रीमती अर्चना चौरसिया, जिला आईटी सेल प्रभारी बिपिन बाजपेई, जिला मीडिया प्रभारी संदीप यादव, भास्कर द्विवेदी, ब्लॉक संयोजक मलवा अभिषेक अवस्थी, ब्लॉक सह–संयोजक मलवा विजय सिंह, राम कुमार, आईटी सेल प्रभारी मलवा प्रज्ञात सिंह परिहार, अमौली ब्लॉक संयोजक राजेश उत्तम, ब्लॉक प्रवक्ता तेलियानी मो. फारूख, सक्रिय सदस्य जितेंद्र कुमार, चंद्रिकेश नारायण, जनार्दन वर्मा, चंद्रशेखर, अशोक पाल एवं विषज्योति बाजपेई सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर से मासूम की मौत, चालक फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो/नगीना, बिजनौर। क्षेत्र में फिर से तेज रतार डंपर का कहर देखने को मिला, जहां रामलीला ग्राउंड के पास सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 7 साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला और उसका भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि शेरकोट निवासी महिला अपने भांजे और बच्चों के साथ मायके जा रही थी, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश जारी है।






# फेरी लगाकर परिवार चलाने वाले के घर जीएसटी टीम का छापा

### - छह करोड़ घपले की सूचना पर आई थी जीएसटी टीम
### - छापे से परिवार के अलावा दहशत में आए आस-पास के लोग



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर पठान मोहल्ला निवासी एक गरीब व्यक्ति के घर प्रयागराज से आई जीएसटी की टीम ने छापा मार दिया। पहले विद्युत अधिकारी और फिर अपने आपको जीएसटी विभाग का अधिकारी बताने वालों ने कहा कि उसके द्वारा जीएसटी का 6 करोड़ का घपला किया गया है। हकीकत में टीम जीएसटी की ही थी लेकिन उन्हें जो सूचना दी गई थी वह गलत निकली। जिस अंसार पुत्र गफार के घर जीएसटी टीम ने छापा मारा वह अत्यंत निर्धन परिवार है। पांच भाई–बहनों का पालन पोषण उसके पिता रिक्शा चला कर करते चले आ रहे हैं। पिता के हाथ–पांव ढीले हुए तो पुत्रों ने सामान की फेरी लगा परिवार का भरण पोषण शुरू कर दिया लेकिन गत दिवस प्रयागराज से आई पांच सदस्यीय जीएसटी टीम के उसके यहां छापे से न केवल परिवार सन्न रह गया बल्कि आस–पास के लोग भी दहशत में आ गए। अंसार इंटरप्राइजेज के नाम से दर्ज नाम पता वाली फर्म में करोड़ों का खेल कौन कर रहा है यह अभी जीएसटी अधिकारियों को पता लगाना बाकीं है लेकिन जमीनी तहकीकात में अधिकारियों को यह पता चल गया कि खेल कहीं दूसरी जगह से ही हो रहा है। छापे की कार्रवाई का पूरा सजरा तैयार कर अधिकारी वापस चले गए। फार्म में जो मोबाइल नंबर अंकित किया गया है वह भी बंद मिला। अब जीएसटी अधिकारियों के सामने यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि जिस 6 करोड़ के घपले में उन्होंने छापेमारी की आखिर वह घोटाला कौन कर गया? अधिकारियों के वापस जाने के बाद परिजनों एवं मोहल्लेवासियों ने चैन की सांस ली है।


कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड, कानपुर

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–59/अधि0अभि0, ल0डा0न0ख0का0/2025–26 की निरस्त किये जाने की सूचना,

इस कार्यालय की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– 59/EE/M.L.C.D.KNP/2025.26/दिनांक–29.01.2026 जो Hiring & Engaging Technical Labour ( Skilled / Semiskilled) labour [Electrican-60 mandays, Pump operator -90 mandays, Watchman -180 mandays, Helper -90 mandays, Beldar-90 mandays, Mechanic-90 mandays, Runner-30 mandays, Welder-60 mandays, Sweeper-180 mandays, Crane Oprator-30 mandays] for Ensuring smooth operation and maintenance of pump canal and performing various activities like operation of H.S.C. Pump, HT Motar, HT/LT Panel, Vaccum Pump, EOT Crane, Surge valve, Reflex Valve, Sluice valve, Passenger Lift and Air Washer with safety and as per relevent standard at Kishanpur pump canal. का कार्य कराये जाने हेतु बजट की प्रत्याशा में इस कार्यालय पत्रांक 102/ल0डा0न0ख0का0/ई टेण्डर–59 कानपुर, दिनांक 29.01.2026 द्वारा प्रकाशित करायी गयी थी। बजट आवंटन न होने के कारण उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

UPID- 249609 Date:- 10/04/2026
website: www.upidadv.gov.in

ज्ञानेन्द्र मणि त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता


# जेसीबी चालक की मौत पर परिजनों का हंगामा, कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/किशनपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के रग्घूपुर गांव में जेसीबी चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने जेसीबी मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात जेसीबी चालक राकेश पासवान की दबकर दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शनिवार रात जैसे ही शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा, परिजनों में



आक्रोश फैल गया। रविवार सुबह परिजनों ने मृतक की मौत को हादसा मानने से इनकार करते हुए इसे हत्या करार दिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा–बुझाकर शांत कराया। काफी मशक्कत के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए और शव का अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में किशनपुर थाना अध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया कि परिजन हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उन्हें समझाकर शांत कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।




# गांव से दो किलोमीटर दूर गेहूं के खेत से मिला अधेड़ का शव

## – पुत्र ने दो लोगों पर मढ़ा हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शनिवार की दोपहर घर से निकले 50 वर्षीय अधेड़ का शव रविवार की सुबह गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर गेहूं के खेत से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के पुत्र ने दो लोगों पर हत्या कर शव को खेत में फेंकने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बसंतीखेड़ा गांव निवासी स्व0 रामचरन प्रजापति का पुत्र विमल उर्फ बड़कू प्रजापति षनिवार को लगभग ग्यारह बजे घर से निकला था। देर शाम वापस न आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग न लगा। रविवार की सुबह गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर गेहूं के खेत से ग्रामीणों ने षव पड़ा देखा जिसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दिया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पुत्र सुजीत प्रजापति ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के अमैना गांव निवासी नीरज शर्मा व भवानीपुर गांव निवासी सोनू सिंह ने उसके पिता से आर्मी में नौकरी दिलाने के नाम पर दस लाख पंद्रह हजार रूपए एक वर्ष पूर्व लिए थे। काम न होने पर जब पिता ने उनसे रूपए मांगे तो देने का वादा किया और बाद में मना कर दिया। जिस पर थाने मामला पहुंच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत की और कुछ दिनों बाद रूपए देने की बात कही। पुत्र का कहना है कि शनिवार को उसके पिता नीरज शर्मा व सोनू सिंह से पैसा लेने के लिए घर से निकले थे। देर शाम तक जब वह घर नहीं आए तो उनकी खोजबीन की गई लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। आज सुबह गांव वालों ने गेहूं के खेत में शव पड़ा देख सूचना दी। उसका कहना है कि रूपए न देने को लेकर नीरज व सोनू ने उसके पिता की हत्या की है।

# युवक ने पत्नी से झगड़ लगाई फांसी, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर कस्बा में शनिवार की देर रात पत्नी से विवाद के बाद 25 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी अशफाक खान का पुत्र शारिक खान ने शनिवार की रात पत्नी से लड़ने के बाद कमरे में चला गया और अंदर से कुंडी बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई आरिफ ने बताया कि उसकी भाभी समरीन से आए दिन भाई का झगड़ा होता था। भाई शराब पीने का आदी भी था। जिससे आए दिन घर में कलह होती थी। मृतक अपने पीछे पुत्र हमदान व फरहान पुत्री को छोड़ गया है।

# दीवार से टकराकर अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम कठरिया में शनिवार की रात पानी पीने के लिए उठा पचास वर्षीय अधेड़ दीवार से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कठरिया गांव निवासी छत्रपाल सिंह का पुत्र ज्ञान सिंह देर रात पानी पीने के लिए उठा और पैर फिसल गया जिससे वह दीवार से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल आ रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# ट्रक की टक्कर से पति की मौत, पत्नी गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम अलमापुर के समीप रविवार की सुबह ट्रक की चपेट में आ जाने से जहां 52 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीरखपुर निवासी स्व0 रामकिशोर पाण्डेय का पुत्र सुरेन्द्र पाण्डेय अपनी 47 वर्षीय पत्नी साधना पाण्डेय के साथ बाइक से जहानाबाद थाने के चिल्ली गांव गया था। रविवार की सुबह लगभग नौ बजे वापस लौटते समय जैसे ही ये लोग बकेवर थाने के अलमापुर के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रतार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे सुरेन्द्र पाण्डेय की मौके पर मौत हो गई वहीं उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए घायल पत्नी को उपचार के लिए सरकारी एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

# डंपर की चपेट में आकर एंबुलेंस चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की रात डंपर की चपेट में आ जाने से एंबुलेंस चालक मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार मथुरा जनपद के थाना माट गांव बिलंदपुर निवासी गुलाब सिंह का 58 वर्षीय पुत्र अमन सिंह एंबुलेंस चालक था। बताते हैं कि शनिवार को दिल्ली से शव लेकर झारखण्ड जा रहा था। जैसे ही ये लोग मलवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच–2 में पहुंचे तभी डंपर ने एंबुलेंस में टक्कर मार दिया जिससे अमन सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। दूसरी एंबुलेंस से शव को झारखण्ड भिजवाया।

# मौरंग कारोबारी की मनमानी से वैकल्पिक मार्ग बना ट्रकों का एक्सप्रेस-वे

## – बच्चों का भविष्य खतरे में, आए दिन हो रहे हादसे

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। यमुना क्षेत्र के किशनपुर में चरका घाट संचालक की दबंगई व सिस्टम की सुस्ती ने आम जनजीवन को नरक बना दिया है। अवैध और ओवरलोड मौरंग खनन के खेल में माफियाओं ने अब वैकल्पिक रास्तों को अपना निजी एक्सप्रेस–वे बना लिया है, जिससे क्षेत्र में दहशत और अव्यवस्था का माहौल है। हैरानी की बात यह है कि मौरंग माफियाओं के इन भारी–भरकम ओवरलोड ट्रकों के कारण स्थानीय स्कूलों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। धूल के गुबार और अनियंत्रित ट्रकों की रतार की वजह से नन्हे–मुन्ने बच्चे स्कूल जाने से कतरा रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि ग्रामीण अब अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए स्कूलों से पलायन करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चरका घाट संचालक की दबंगई के आगे प्रशासन नतमस्तक है। आखिर मजबूत कार्यवाही क्यों नहीं हो रही? क्या सिस्टम माफियाओं के आगे बिक चुका है? सड़कों की बदहाली और चीखते–चिल्लाते ग्रामीण भ्रष्टाचार की इस दास्तां को खुद–ब–खुद बयां कर रहे हैं। कार्रवाई का खौफ न होने से ओवरलोड ट्रकों का संचालन बेधड़क जारी है। माफियाओं ने नियम–कानूनों को ताक पर रखकर पूरे क्षेत्र को अपनी जागीर समझ लिया है। यदि समय रहते इन पर नकेल नहीं कसी गई।

# सरस्वती बाल मंदिर शिवपुरम में हुआ मेधा अलंकरण समारोह

## - मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया उत्साहवर्धन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरम् में मेधावियों को प्रशस्ति पत्र एवं



शील्ड देकर उत्साहित किया गया। साथ ही अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा के प्रति विशेष जागरूक अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह देखकर मंच से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संत विज्ञानन्द महाराज ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि की श्रृंखला में सुधाकर अवस्थी, प्रदीप गर्ग, अवशेष जायसवाल, सुनील गुप्ता, विवेक सिंह यादव, अतीश पासवान की उपस्थिति रही। परीक्षा परिणाम में प्राइमरी वर्ग में अजनेय मिश्रा कक्षा (2ए) ने 99.57 अंक पाकर विद्यालय टॉप किया, 2 बी की मानवी ने 99.36 अंक पाकर पूरे विद्यालय में द्वितीय स्थान में रही। इसी प्रकार 99 प्रतिषत अंक पाकर कुशाग्र ने पूरे विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक वर्ग में रमन प्रताप कक्षा (8) ने 98.57 अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। 7ए की अनिकेत राय ने 98.36 अंक पाकर पूरे विद्यालय में द्वितीय स्थान में रहा। इसी प्रकार 97 प्रतिषत अंक पाकर अन्नया ने पूरे विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुल 105 मेधावियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देखकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शिक्षा के प्रति विशेष सचेष्ट कुल 105 अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के साथ–साथ सुसंस्कारों पर विशेष बल देने के लिए समाज में जाना जाता है। आगामी समय में हम आधुनिक संसाधनों के माध्यम से और अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेन्द्र, खागा शाखा के प्रधानाचार्य राजकपूर, गंगानगर शाखा के प्रधानाचार्य मोहित, सक्षम सहित पूरा स्टाफ पूरे उल्लास के साथ कार्यक्रम के संपादन में लगा रहा।

# जिला बार चुनाव : अध्यक्ष बाबू सिंह, महामंत्री बने अनुराग

## - एक वोट से मिली ऐतिहासिक जीत
## - समर्थकों ने फोड़े पटाखे, फूल-मालाओं से किया स्वागत
## - 23 पदों के लिए 94 लोगों ने लड़ा चुनाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार चुनाव का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर बाबू सिंह यादव जबकि महामंत्री पर अनुराग नारायण विजयी रहे। जबकि अन्य पदो के परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद का चुनाव कांटे भरा था। जिसमे पल–पल जीत का समीकरण बदलता रहा। आख़िरकार सर्व समाज अधिवक्ता संघ एवं व्यवस्था परिवर्तन संगठन के प्रत्याशी रहे अध्यक्ष पद पर बाबू सिंह यादव को विजेता घोषित किया गया। उन्होंने अपने निकटतम उम्मीदवार रमेश सिंह भदौरिया से मात्र एक वोटों से जीत हासिल की। बाबू सिंह यादव को 439 जबकि रमेश सिंह भदौरिया को 438 वोट मिले। महामंत्री पद पर आदर्श अधिवक्ता संगठन के प्रत्याशी अनुराग नारायण मिश्रा विजयी रहे। उन्हें 383 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी उम्मीदवार रहे अनिल कुमार श्रीवास्तव को मात्र 450 वोट मिल सके। वरिष्ठ उपाध्यक्ष में शशिकांत वर्मा,



उपाध्यक्ष में गणेश प्रसाद तिवारी व मंजुला राजपूत, कनिष्क उपाध्यक्ष में आदित्य शर्मा व पुष्पा देवी मौर्या, कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रशान नागेंद्र प्रसाद चौहान, संयुक्त सचिव पुस्तकालय अविनाश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाशन छाया सिंह विजेता रही। नवनिर्वाचित बार पदाधिकारियों का समर्थकों व अधिवक्ताओं के फूल मालाओं से लादकर जमकर स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा कि अधिक अधिवक्ताओं के हितों व मान सम्मान की रक्षा की जायेगी। अधिवक्ताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष सुशील मिश्रा, नदीम उद्दीन पप्पू, मो आसिफ़, आदि रहे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगनायक सिंह यादव एडवोकेट, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव, अधिवक्ता मो0 रेहान उर्फ सदफ़ अशोक सिंह, इंद्रजीत यादव ने अपने समर्थकों के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव के आवास पहुंचकर फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। महामंत्री अनुराग नारायण के आवास भी समर्थकों का ताँता लगा रहा। समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता वसीम अंसारी एडवोकेट ने कहा कि डीबीए अध्यक्ष पर बाबू सिंह यादव की जीत होना ऐतिहासिक जीत दर्शाता है।

# पुलिस का बड़ा एक्शन : 24 शातिरों की खोली हिस्ट्रीशीट

## - ऐसे अभियानों से अपराधियों में भय व जनता में सुरक्षा की भावना होती मजबूत : एसपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 24 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी गई है। पुलिस के अनुसार इन सभी अपराधियों के विरुद्ध जनपद सहित अन्य जिलों के विभिन्न थानों में कुल 135 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इन अपराधियों में चोरी, लूट, हत्या, गोवध, नकबजनी और मारपीट जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त लोग शामिल हैं। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद अब इन अपराधियों की गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। उनके आवागमन, संपर्कों और गतिविधियों की नियमित निगरानी की जाएगी, जिससे भविष्य में अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। हिस्ट्रीशीट खुलने वाले अपराधियों में सदर कोतवाली क्षेत्र के मिट्ठनपुर खुराना निवासी सुरेश कुमार, लोध ीगंज रमवां रोड निवासी अरविन्द कुमार, ज्वालागंज घोसियाना निवासी गुलाब रसूल, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गयासपुर निवासी उमेश कुमार लोधी, मान सिंह का पुरवा निवासी अंकित लोधी, खखरेरू थाना क्षेत्र के अंतर्गत मान सिंह का पुरवा निवासी अंकित लोधी, पुरानी बाजार रामनगर निवासी सुनील केशरवानी, बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मुगल रोड नगर पालिका के सामने निवासी नीरज विश्वकर्मा उर्फ लोध सिंह, लाहौरी निवासी जकी उर्फ छोटेलाल, कल्यानपुर थाने के अंतर्गत सौंह निवासी हरिशंकर तिवारी पुत्र दयाशंकर, गहबराखेड़ा मजरे गुनीर निवासी राजन यादव उर्फ राजन सिंह, इसी गांव निवासी विवेक यादव, पालीखेड़ा मजरे मौहार निवासी शिवम यादव, जहानाबाद थाने के काजीटोला निवासी अनुज विश्वकर्मा उर्फ अन्नू, पोजेपुर कोड़ा निवासी नितिन, जाफरगंज थाने के गढ़ी निवासी मुसाहिद, भारतपुर निवासी सुनील कुमार, ललौली थाने के ग्राम अढ़ावल निवासी झब्बू सिंह उर्फ अरविंद, अढ़ावल निवासी लवकुश सिंह, गनेशपुर निवासी दिनेश चन्द्र उर्फ बच्चू सिंह, थरियांव थाने के मोहम्मदपुर कला निवासी साहिबे आलम, मोहम्मद चांद बाबू, हथगाम थाने के रायपुर मुआरी निवासी गुफरान, मोहम्मद एहसान, गौरा गांव निवासी अच्छन कुरैशी शामिल है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों



के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे अभियानों के माध्यम से अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# छात्राओं व महिलाओं को दिया जाएगा रोजगारपरक प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विजय लक्ष्मी महिला समृद्धि सेवा समिति द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं के सशक्तिकरण हेतु 45 दिवसीय निःशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिलाई–कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मेहंदी, हेयर स्टाइलिंग एवं बेसिक मेकअप आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति की प्रबंधिका राधा देवी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम राधानगर, गाजीपुर रोड स्थित समिति कार्यालय मुकाम ब्यूटी पार्लर में आयोजित किया जाएगा। समिति की प्रबंधिका राधा देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक मई से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक महिलाएं एवं छात्राएं प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए समिति कार्यालय व राधानगर स्थित ब्यूटी पार्लर से आवेदन व पंजीकरण फॉर्म प्राप्त कर सकती हैं। समिति का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें कौशल आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

# दुष्कर्म वीडियो वायरल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में थाना हथगांव पुलिस ने एक संवेदनशील मामले में तेज कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरतार कर लिया। आरोपियों पर 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के बाद आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का गंभीर आरोप है। पुलिस ने मुकदमा संख्या 154/2025 के तहत धारा 65(1), 61(2) बीएनएस, 66–ई आईटी एक्ट तथा 16/17 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की। दोनों आरोपियों को गिरतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरतार आरोपियों ने अपना नाम कुलदीप पुत्र संतराम कोरी व कमल पुत्र बुद्धा कोरी निवासीगण हरी का पुरवा मजरा पैगम्बरपुर रिकौहा, थाना हथगांव बताया। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि वांछित अभियुक्तों की गिरतारी और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। थाना हथगांव प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने सफलतापूर्वक दोनों आरोपियों को पकड़ा। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, कांस्टेबल रणवीर सिंह, जय सिंह, रोहित कुमार एवं एजाज अहमद शामिल रहे। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में कोई भी आरोपी बच नहीं पाएगा और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# कार से टकराई बाइक, चालक घायल

## – 108 एंबुलेंस ने कराया अस्पताल में भतह्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर कोतवाली क्षेत्र के विजयीपुर की मोड पर तेज रतार बाइक सवार अनियंत्रित होकर कार से टकरा गया। जिससे जिसे बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बांदा कोतवाली क्षेत्र के कमासिन गाँव निवासी चन्द्रभान का 26 वर्षीय पुत्र बृजमोहन बाइक पर सवार होकर घर से खागा आ रहा था। जब उसकी साइकिल किशनपुर कोतवाली क्षेत्र के विजयपुर गांव की मोड पर पहुंची तभी तेज रतार बाइक अनियंत्रित होकर कार से टक्कर गई। जिससे बाइक सवार बृजमोहन रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। फोन कर घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स के ईएमटी पुष्पेन्द्र कुमार व पायलट तालिब ने घायल को इलाज के लिए सी.एच.सी खागा पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर बताते हुए 108 सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों द्वारा युवक को भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों की वेतन बढ़ोत्तरी लागू करने की सीएम से मांग


न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की वेतन बढ़ोत्तरी को लेकर एक बार फिर आवाज उठाई गई है। इस संबंध में पूर्व सभासद धीरज कुमार द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर वेतन बढ़ोतरी का शासनादेश शीघ्र लागू किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि नगर पालिका परिषद में कार्यरत सफाई कर्मी एवं अन्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी कई वर्षों से पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विशेष रूप से कोविड–19 महामारी और कुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान इन कर्मचारियों ने सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। धीरज कुमार ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि जनवरी 2025 में कुंभ मेले के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा इन कर्मचारियों के वेतन बढ़ोत्तरी की घोषणा की गई थी, जिससे कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। हालांकि, डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी इस संबंध में कोई शासनादेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य विभागों में वेतन बढ़ोत्तरी के आदेश लागू किए जा चुके हैं, जबकि नगर पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि वे अपने आप को उपेक्षित और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि नगर पालिका परिषद फतेहपुर में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी का शासनादेश शीघ्र जारी कर उन्हें राहत प्रदान की जाए।

# तालाब, झील व पोखर संरक्षण योजना से जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

## – योजना के तहत कई तालाबों का कराया गया सौन्दर्यीकरण
## – रामगंज पक्का तालाब व नगर पंचायत किशनपुर के शीतला मंदिर तालाब का कार्य प्रगति पर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। प्रदेश सरकार द्वारा तालाब, झील, पोखर संरक्षण योजना संचालित की गई है। जिसके अन्तर्गत आम लोगों के टहलने हेतु इण्टरलॉकिंग पाथवे, हरियाली हेतु पौधारोपण, जल संरक्षण, प्रकाश व्यवस्था, नागरिको हेतु बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था, डस्टबिन की व्यवस्था, साइनेज बोर्ड, चारो तरफ चेनलिंक फेनसिंग, सन्देश पेटिंग एवं गेट की व्यवस्था आदि करायी जानी थी। जिससे उक्त स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में सौन्दर्यीकरण का विस्तार होगा। वित्तीय वर्ष 2025–26 में तीन तालाब में नगर पालिका परिषद फतेहपुर में तांबेष्वर मन्दिर के पीछे तालाब क्षेत्रफल लगभग–0.3360 हे० के सौन्दर्यीकरण का कार्य, गोपाल नगर जीटी रोड शनिदेव मन्दिर के सामने गाटा सं0 490 में तालाब क्षेत्रफल लगभग 0.2665 हे० के सौन्दर्यीकरण का कार्य व नगर पंचायत खागा के वार्ड नं0 11 रामनगर में गिरजा देवी महाविद्यालय के पास तालाब क्षेत्रफल लगभग 1.2150 हे0 के जल संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया गया है। पूर्व में उक्त तीनो स्थल पर गाद, मिट्टी एवं झाड़ियों से तालाब पूरे पटे हुए थे। कार्य के दौरान जल संरक्षण हेतु खुदाई एवं सफाई कराते हुए आम जन व भागीदारी हेतु इण्टरलॉकिंग पाथवे, हरियाली हेतु पौधारोपण, जल संरक्षण, प्रकाश व्यवस्था, नागरिको हेतु बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था, डस्टबिन की व्यवस्था, साइनेज बोर्ड, चारो तरफ चेनलिंक फेनसिंग, सन्देश पेटिंग एवं गेट आदि की व्यवस्था करायी गयी है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में दो तालाब नगर पालिका परिषद फतेहपुर के रामगंज पक्का तालाब क्षेत्रफल लगभग 0.2947 हे0 का जल संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य 80 प्रतिशत हो गया है। शीर्ध ही शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। इसी तरह नगर पंचायत किशनपुर के शीतला मन्दिर तालाब



क्षेत्रफल लगभग 0.3640 हे0 का जल संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शीर्ध ही उपरोक्त दोनो तालाब जल संरक्षण एवं अन्य सुविधाओं के साथ आमजन को उपलब्ध हो जायेगें।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )